लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



आप भी बन जाएंगी सक्सेसफुल वर्किंग वुमेन.........



न्यूट्रीशियन डायट से हार्ट रहेगा हेल्दी....

वर्ष : 10 | अंक : 284 | लखनऊ, 25 सितम्बर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी की पहल लाई रंग

## पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी ने मारी बाजी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में तमाम योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए काम कर रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना को भी प्रदेश में पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है। सीएम योगी की मॉनीटिरंग का ही नतीजा है कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के 27 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। इन सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद इन सभी का नामांकन सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण और लोन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण के सत्यापन में कौशांबी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

### प्रथम स्तर पर 17,32,536 आवेदनों का सत्यापन कार्य पूरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के निचले तबके के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं को लाभ देने के लिए समय-समय पर अभियान भी चलाया जाता है। इसी के तहत पीएम विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी आवेदनकर्ता के नामांकन की प्रक्रिया युद्धस्तर पर चल रही है। इसके तहत अब तक 17,32,536 आवेदन का प्रथम स्तर पर, 2,09,172 आवेदन का द्वितीय स्तर और 80,844 आवेदन का तृतीय स्तर पर सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। बता दें कि योजना के तहत लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड के साथ स्किल अपग्रेडेशन, टूलकिट इंसेंटिव, क्रेडिट सपोर्ट समेत डिजिटल ट्रांजेक्शन पर इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट जैसे लाभ मिलेंगे। साथ ही एक लाख और दो लाख लोन की सुविधा दी जाएगी।

### योजना के सत्यापन प्रक्रिया में कौशांबी ने मारी बाजी

पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन प्रक्रिया के तहत प्रथम और द्वितीय चरण के सत्यापन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसमें कौशांबी 80 प्रतिशत से अधिक सत्यापन के साथ शीर्ष पर है। वहीं गाजियाबाद दूसरे, बलरामपुर तीसरे, फिरोजाबाद चौथे और फतेहपुर पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा ललितपुर, गौतमबुद्धनगर, फरुर्खाबाद, कानपुरनगर और प्रतापगढ़ की बारी आती है। इन जिलों का यह प्रदर्शन पहले चरण के सत्यापन के बाद द्वितीय चरण के सत्यापन प्रतिशत के आधार पर निर्धारित किया गया है। वहीं लोन के लिए 7,606 आवेदन को बैंक को भेजा गया है। इनमें से अब तक 2,457 आवेदन को लोन के लिए स्वीकृत कर दिया गया है जबकि 1,326 लोगों को लोन वितरित किया जा चुका है।

## विधि विशेषज्ञों से सलाह कर पता करूंगा कि कानून के तहत जांच की अनुमति है या नहीं: सिद्धरमैया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि वह भूमि आवंटन मामले में जांच का सामना करने से नहीं हिचकिचाएंगे। सिद्धरमैया ने यह भी कहा कि वह यह पता लगाने के लिए कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेंगे कि क्या कानून के तहत ऐसी किसी भी जांच की अनुमति है या नहीं। राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा भूमि आवंटन मामले में सिद्धरमैया के खिलाफ जांच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि सच्चाई की जीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं जांच का सामना करने से नहीं हिचकिचाऊंगा। मैं इस बारे में विशेषज्ञों से सलाह लूंगा कि क्या कानून के तहत ऐसी जांच की अनुमति है या नहीं। सिद्धरमैया ने कहा कि उन्हें कानून और संविधान पर पूरा भरोसा है।

## बिना आप के समर्थन के नहीं बन सकती नई सरकार, हरियाणा में फिर बोले अरविंद केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, जैसे-जैसे हरियाणा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा में जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आज रानियां में रोड शो किया और लोगों को संबोधित भी किया। केजरीवाल ने इस दौरान कहा कि हरियाणा के आपके इस बेटे ने, आपके भाई ने पूरे देश में, पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन कर दिया। हरियाणा से निकलकर दिल्ली में सरकार बनाई, पंजाब में सरकार बनाई।

आप नेता ने कहा कि अब आपको कहना चाहता हूं एक मौका दे दो हरियाणा की भी सेवा करने का, हरियाणा में भी अच्छे स्कूल बना दूंगा, बिजली फ्री कर दूंगा, अच्छे अस्पताल बना दूंगा। उन्होंने कहा कि आप कहोगे कैसे बनाओगे सरकार बन रही है क्या? तो मेरा जवाब है जो भी सरकार बन रही है हमारे बिना नहीं बन रही है। भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जेल में इन्होंने मुझे तोड़ने की खूब कोशिश की, मैं शुगर का मरीज हूं इन्होंने मेरी इंसुलिन बंद कर दी। ये मेरे हौसले तोड़ना चाहते थे, लेकिन ये नहीं जानते थे कि मैं हरियाणा का हूं। आप किसी को भी तोड़ सकते हो, हरियाणा वालों को नहीं तोड़ सकते।

केजरीवाल ने कहा कि आप लोग जानते हो इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया था, 5 महीने में जेल में रहा। मेरा कसूर ये है-- 10 साल में दिल्ली में गरीबों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल बना दिए।- पहले 7-8 घंटे दिल्ली में बिजली जाती थी, अब नहीं जाती। - दिल्ली और पंजाब में बिजली मुफ्त कर दी।- दिल्ली और पंजाब में बुजुर्गों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा करवानी शुरू कर दी। इतने सारे काम कोई भ्रष्ट आदमी नहीं कर सकता।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफटी | 24,834.85 |

## तिरुपति लड्डू विवाद में मोदी सरकार का बड़ा एक्शन!

### कंपनी को थमाया शो कॉज नोटिस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तिरुपति लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को घी सप्लाई करने वाली कंपनियों में से एक एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय को चार कंपनियों से नमूने मिले थे और गुणवत्ता परीक्षण करने पर पता चला कि एक कंपनी का नमूना परीक्षण में फेल हो गया, जिससे मिलावट का पता चला। नोटिस भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, सरकार की नियामक संस्था द्वारा तमिलनाडु स्थित एक फर्म को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को घटिया घी की आपूर्ति करने के आरोप में भेजा गया। नोटिस में खाद्य नियामक ने ए आर डेरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से पूछा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए। नोटिस के अनुसार एफएसएसएआई ने कहा कि उसे मंगलागिरी (आंध्र प्रदेश) स्थित प्रिवेंटिव मेडिसिन संस्थान के निदेशक से जानकारी मिली है कि डिंडीगुल स्थित ए आर डेरी फूड प्राइवेट लिमिटेड पिछले चार वर्षों से तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति कर रही है।

## भारतीय रेलवे : हादसों के बीच भारतीय रेलवे ने बनाया रेल रक्षक दल

### सुरक्षा में होगा बड़ा सुधार : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पूरे भारत में बढ़ती ट्रेन दुर्घटनाओं के बीच, भारतीय रेलवे ने अप्रत्याशित स्थितियों से निपटने के लिए मंगलवार को 'रेल रक्षक दल' नामक एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम की स्थापना की। बल की स्थापना उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) क्षेत्र में एक पायलट परियोजना के हिस्से के रूप में की गई है। भारतीय रेलवे के मुताबिक, रेल रक्षक दल दुर्घटनास्थल पर तुरंत पहुंचने में सक्षम है और तेजी से बचाव अभियान चला सकता है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कवच का विकास 2016 में शुरू हुआ और 2019 तक काफी विकास हुआ, सर्टिफिकेशन हुआ, उसके बाद भी इसमें कई सुधार किए गए, नए वर्जन लाए गए और 16 अगस्त को वर्जन 4.0 को मंजूरी दी गई और इसका पहला इंस्टालेशन सवाई माधोपुर के बीच किया गया है कोटा के लिए। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग हो चुकी है, आज निरीक्षण था। अगर ट्रेन रेड सिग्नल के पास आ रही है और ड्राइवर ध्यान नहीं दे रहा है तो कवच अपने आप ब्रेक लगा देगा। इससे रेलवे की सुरक्षा में बड़ा सुधार हुआ है।

लॉन्च के दौरान, उत्तर पश्चिम रेलवे के आरपीएफ आईजी ज्योति कुमार सतीजा ने इसे गर्व का क्षण बताया क्योंकि यह पहली बार है कि आरपीएफ को बचाव प्रक्रिया में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे रेल मंत्री ने किसी भी दुर्घटना के दौरान बचाव में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए यह पहल की है। पायलट प्रोजेक्ट में एनडब्ल्यूआर को यह जिम्मेदारी दी गई है। यह पहली बार है कि आरपीएफ को बचाव प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इस बीच, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक ट्रेन में कावाह 4.0 का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि कवच 4.0 की शुरूआत पहली बार सवाई माधोपुर से हुई. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में 10,000 लोकोमोटिव को कवच से ढक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कवच 4.0 की शुरूआत भारत में पहली बार सवाई माधोपुर से हुई है। इस क्षेत्र में कवच लगाने का काम पूरा हो चुका है, यह तो बस शुरूआत है, आने वाले वर्षों में 10 हजार लोकोमोटिव को कवच से ढक दिया जाएगा और 9 हजार किलोमीटर अतिरिक्त कवच का काम किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## मानवीय भूलों के कारण हवाई दुर्घटनाओं में 10% की हुई बढ़ोतरी: विमानन मंत्री नायडू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानन नियामक संस्था नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ऑडिट से संकेत मिला है कि वर्तमान सुरक्षा जोखिमों में मानवीय कारक भी एक योगदानकर्ता हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विमानन दुर्घटनाओं में मानवीय कारकों पर पहली राष्ट्रीय सुरक्षा संगोष्ठी में बोलते हुए नायडू ने कहा कि मानवीय भूलों से संबंधित हवाई दुर्घटनाओं में 10% की वृद्धि हुई है। नायडू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 80% विमानन दुर्घटनाएं मानवीय भूलों के कारण होती हैं, हालांकि दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। नायडू ने कहा, ₹एएआईबी (विमान दुर्घटना ब्यूरो) द्वारा जांच की गई 91 दुर्घटनाओं में से काफी संख्या में दुर्घटनाएं एसओपी (मानक संचालन प्रक्रियाओं) का पालन न करने के कारण हुई हैं। मैं सभी हितधारकों से आग्रह करता हूं कि वे अपने कार्यबल के निरंतर कौशल, पुनः कौशल और अपस्किलिंग को प्राथमिकता दें।₹ उन्होंने कहा, ₹सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर बनी रहनी चाहिए, और एक अच्छी तरह से तैयार कार्यबल उस प्रतिबद्धता की रीढ़ है जो हम देने जा रहे हैं।₹ मंत्री ने कहा कि विमानन पेशेवरों, विशेषकर पायलटों और हवाई यातायात नियंत्रकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उन्नत मनोवैज्ञानिक अनुसंधान को एकीकृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने पायलटों के व्यवहार और प्रदर्शन को अनुकूलतम बनाने में मदद के लिए मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग का सुझाव दिया।

## पीएम के अमेरिका दौरे की सफलता से एनडीए नेता गदगद

### नीतीश और नायडू ने कर दी दिल खोलकर तारीफ, शिंदे-मांझी भी हुए मुरीद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय यात्रा के लिए वह संयुक्त राज्य अमेरिका में थे। इस दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समुदाय के लिए भारत द्वारा प्रस्तुत विशाल संभावनाओं और अवसरों का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत की। न्यूयॉर्क में एक गोलमेज सम्मेलन में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शीर्ष सीईओ के साथ अपनी बातचीत में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता के बारे में आश्वासन दिया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के शासन प्रमुखों की बैठक और भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने रविवार को क्वाड शिखर सम्मेलन के इतर अपने जापानी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और आपसी लाभ एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोदी ने न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत के दौरान, यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान तथा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए भारत का समर्थन दोहराया।

कुल मिलाकर मोदी के इस दौरे को काफी सफल बताया जा रहा है। यही कारण है कि मोदी सरकार 3 में भाजपा के सहयोगी दलों ने भी प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे की जमकर तारीफ की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पोस्ट में लिखा कि नरेन्द्र मोदी की अभी हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने को लेकर लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं। दोनों देशों के बीच लिए गए निर्णयों से अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा और विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

## प्रयागराज के पास महाबोधि एक्सप्रेस पर हुआ पथराव

### मची अफरा-तफरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सोमवार को महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना हुई। ट्रेन नई दिल्ली से बिहार के गया जा रही थी। घटना सोमवार रात करीब 9 बजे यमुना ब्रिज के पास हुई जब युवकों के एक समूह ने चलती ट्रेन पर पथराव कर दिया। प्रारंभिक रिपोर्टों में यात्रियों के कुछ घायल होने की बात कही गई है, हालांकि रेलवे ने इससे इनकार किया है। इस बीच, घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। रेलवे के मुताबिक, सोमवार शाम करीब 7:21 बजे जब महाबोधि एक्सप्रेस मिर्जापुर स्टेशन में प्रवेश कर रही थी, तभी मेंटेनेंस स्टाफ सदस्य सीटी रविकेश यादव ने बताया कि दक्षिण की ओर से गार्ड ब्रेक पर एक पत्थर फेंका गया है। इस बीच, गार्ड मुश्ताक अहमद ने नियंत्रण कक्ष को सूचित किया कि दक्षिण की ओर से एक अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर फेंका है और यह भी पुष्टि की है कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

## कांग्रेस पर फिर बरसीं मायावती, छलकपट वाली है राहुल गांधी की आरक्षण नीति

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को एक बार फिर से राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी करार दिया और उस पर दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए दोगली और भ्रामक आरक्षण नीति रखने का आरोप लगाया। मायावती ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस व राहुल गांधी की एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं बल्कि दोगली एवं छलकपट की है। अपने देश में इनके वोट के लिए ये आरक्षण का समर्थन व इसे 50% से ऊपर बढ़ाने की वकालत तथा विदेश में जाकर इनके आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। इनके इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें।

मायावती ने आगे लिखा कि यह भी सच है कि केन्द्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण सम्बन्धी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। साथ ही, बीएसपी के संघर्ष से एससी/एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अभी तक लम्बित है। तथा ना ही इस मामले में इनकी सरकार ने कोर्ट में सही से पैरवी की। उन्होंने कहा कि इस आरक्षण विरोधी कांग्रेस व अन्य पार्टियों से भी ये लोग सजग रहें। साथ ही, केन्द्र में रही कांग्रेसी सरकार द्वारा जातीय जनगणना नहीं कराना और अब सत्ता से बाहर होने पर आवाज उठाना, यह सब ढोंग नहीं तो और क्या है?

इससे पहले मायावती ने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर दलित नेताओं का सिर्फ संकट के दिनों में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और सलाह दी कि इन नेताओं को बाबा साहब से प्रेरणा लेकर खुद ही ऐसे दलों से अलग हो जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख पदों पर रखने की जरूर याद आती है।

## एनआईए ने दबोच लिया लश्कर का आतंकी, युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे थे शाजिब और ताहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2022 शिवमोग्गा इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल साजिश मामले में आरोप पत्र दायर किया है। 1 मार्च के रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दो मुख्य आरोपियों अब्दुल मथीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाज़िब को आरोपी बनाया गया है। इस महीने की शुरूआत में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में भी दोनों का नाम अलग से आरोपपत्र में दर्ज किया गया था। शिवमोग्गा (कर्नाटक) आईएसआईएस मामला आईएसआईएस सदस्यों की संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित है, जिसे शुरू में सितंबर 2022 में शिवमोग्गा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था और उसी वर्ष नवंबर में एनआईए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। ये दोनों 20 सदस्यीय अल-हिंद आईएसआईएस मॉड्यूल का भी हिस्सा थे, जिसका नेतृत्व बेंगलुरु स्थित महबूब पाशा और कुड्डालोर (तमिलनाडु) स्थित खाजा मोइदीन कर रहे थे।

## झारखंड विस चुनाव में धनबल का इस्तेमाल बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे: निर्वाचन आयोग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



रांची। निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों को स्पष्ट कर दिया कि 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के आगामी चुनाव में वह धनबल के इस्तेमाल को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. एस एस संधू के साथ यहां चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और राजनीतिक दलों, सुरक्षा बलों और अन्य हितधारकों के साथ बैठकें कीं। निर्वाचन आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा, डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय), एनसीबी (स्वापक नियंत्रण ब्युरो), राज्य और केंद्रीय जीएसटी (माल एवं सेवाकर), आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल), आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक), राज्य पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय आदि जैसी लगभग 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान, आयोग ने प्रलोभन मुक्त चुनावों पर अपने जोर को रेखांकित किया।

आयोग ने चुनावों में धनबल के इस्तेमाल के प्रति अपनी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति व्यक्त की। सीईसी ने अधिकारियों को आगाह किया कि चुनाव के दौरान जांच के नाम पर जनता को किसी भी तरह से अनुचित तरीके से परेशान नहीं किया जाए। निर्वाचन आयोग ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को राज्य में अवैध शराब, नकदी और नशीले पदार्थ के प्रवाह को रोकने के लिए समन्वित तरीके से काम करने का निर्देश दिया। आयोग ने पुलिस और आबकारी विभाग को शराब और नशीले पदार्थों के सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करने और व्यापक रोकथाम के लिए अंतर-राज्यीय सीमा और नाका व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए कहा। आयोग ने अधिकारियों को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार के साथ झारखंड की सीमाओं पर विशेष ध्यान बनाए रखने का निर्देश भी दिया।

# पेट्रोल पम्प व गैंस एजेंसी दिलाने के नाम पर लेखपाल से 34 लाख की साइबर ठगी का खुलासा,तीन गिरफ्तार

● मोहनलालगंज पुलिस ने अन्तर्राज्यीय साइबर ठगो के गैंग के तीन सदस्यो को गिरफ्तार,चार साल पहले लेखपाल से हुयी 34लाख की ठगी का किया खुलासा,गैंग के फरार सरगना समेत चार की तलाश में जुटी पुलिस



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी दिलाने का सोशल साइट्स पर विज्ञापन देकर भोले भाले लोगो को झांसे में लेकर लाखो की साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन शातिर ठगो को मगंलवार को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया? ।पुलिस ने ठगो के खातो में जमा सात लाख रुपए की रकम भी फ्रीज करा दी है ।साइबर ठगी गैंग के सरगना समेत फरार चार साथियो की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुट गयी है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवखेड़ा निवासी लेखपाल कुलदीप कुमार ने मई 2020 में फेसबुक पर एस आर पेट्रोल पम्प व भारत गैंस एजेंसी का विज्ञापन देखकर पत्नी के नाम आवेदन कर दिया था जिसके बाद ठगो ने पेट्रोल पम्प व गैंस एजेंसी स्वीकृत होने का झाँसा देकर दो सालो में लेखपाल से कई खातो में 34लाख की रकम कई खातो में ट्रासंफर करा ली थी,जिसके बाद भी ना तो पेट्रोल पम्प का लाइंसेस हुआ ओर ना ही गैंस एजेंसी का ।मोटी रकम खातो में ट्रांसफर कराने के बाद ठगो ने अपने अपने मोबाइल भी बंद कर दिये ।लाखो की रकम डूबती देख लेखपाल को अपने साथ हुयी ठगी का अहसास हुआ जिसके बाद 3जुलाई2022 को पुलिस से शिकायत कर धोखाधड़ी,जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया था ।जिसके बाद ठगी में इस्तेमाल मोबाइल नम्बरो व खातो के जरिये खुलासे के लिये इंस्पेक्टर आलोक राव के नेतृत्व में पुलिस टीमो को लगाया गया था ।साइबर ठगो की लोकेशन ट्रेस होने पर अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह व उपनिरीक्षक आनन्द राव अम्बेडकर समेत पुलिस टीम को बिहार भेजा गया था,जहां से दो साइबर ठगो सिंटू कुमार व किशू निवासीगण थालपोश थाना पकरी बरांवा जनपद नवादा,बिहार व प्रवेश कुमार निवासी घनश्यामपुर,रामचन्द्र थाना भादर जिला अमेठी को गिरफ्तार कर थाने लाकर पुछताछ की जिसके बाद उन्होने गैंग लीडर निखिल कुमार व अंकित कुमार समेत अन्य सदस्यों के साथ मिलकर सोशल मीडिया के फेसबुक,इंस्टाग्राम,ट्वीटर पर बड़ी कम्पनियो के पेट्रोल पम्प व गैंस एजेंसी की डीलरशिप लेने के लिये सम्पर्क करने की बात लिखते हुये कम्पनी के नाम सहित पेज बनाकर डाल देते थे सोशल साइट्स पर विज्ञापन देकर सम्पर्क करने वाले लोगो को झांसे मे लेकर कागजी कार्यवाही पूरी कराने के बाद मोटी रकम खातो में ट्रांसफर करने ने बाद मोबाइल नम्बर व बैंक खाते बदल देते थे ।एसीपी रजनीश वर्मा ने साइबर ठगी के बड़े गिरोह का पदार्फाश करने वाले अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह समेत पूरी पुलिस टीम की पीठ थपथपाकर शबासी दी।

# अब सरकारी भर्तियों में प्राइवेट संस्था को नहीं बनाया जाए परीक्षा केन्द्र : सीएम योगी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सरकारी भर्तियों के लिए होने वाली परीक्षा में किसी निजी संस्था को परीक्षा केन्द्र न बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने यह निर्देश उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, विद्युत सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड व उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्षों के साथ बैठक में दिया। योगी ने कहा कि किसी भी प्राइवेट संस्था को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। केवल राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। परीक्षा केंद्र का चयन जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में ही किया जाए।

सीएम ने कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के संबंध में सभी बोर्ड एवं आयोग के अध्यक्ष मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सीसीटीवी की भी सहायता ली जाए। अफवाह रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाए। सभी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-अधियाचन पोर्टल की व्यवस्था है। सभी विभाग इसका उपयोग कर अधियाचन भेजें। जिन विभागों में नियुक्तियां की जानी है, वहां से तत्काल अधियाचन आयोग को भेजें। किसी भी विभाग की तरफ से भर्ती प्रक्रिया लंबित नहीं होनी चाहिए। हर हाल में समय सीमा के अंदर सभी प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

# यूपी में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व सपा विधायक की 8.24 करोड़ की संपत्ति जब्त

### कुनबे की भी हो रही है पड़ताल

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भू-माफिया व सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।ईडी ने बलरामपुर की उतरौला सीट से विधायक रहे हाशमी व उनकी पत्नी रोजी सलमा की लखनऊ, बलरामपुर व गोंडा स्थित 8.24 करोड़ रुपये की 21 संपत्तियां जब्त की हैं।इनमें फ्लैट, कृषि व व्यवसायिक भूमि शामिल है। ईडी ने बीते दिनों हाशमी व उसके कुनबे के बैंक खातों की भी पड़ताल की थी।ईडी जल्द कुछ और संपत्तियों को भी जब्त करने की तैयारी कर रहा है। पूर्व विधायक व उसके कुनबे की बेनामी संपत्तियों की पड़ताल भी कर रहा है। ईडी की जांच में सामने आया है कि हाशमी व उसके करीबी वर्ष 1984 से जमीनों पर कब्जे व फर्जी दस्तावेजों की मदद से उनकी खरीद-फरोख्त में लिप्त था। ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जे के लिए सरकारी दस्तावेजों से भी छेड़छाड़ की गई थी। गलत तरीके से भू-उपयोग परिवर्तन कराए गए थे। कब्जे की जमीनों पर सहयोगियों की मदद से व्यवसाय व कालेज संचालन कर करोड़ों रुपये की काली कमाई की गई। बलरामपुर पुलिस ने जमीनों पर कब्जे व अन्य मामलों को लेकर पूर्व विधायक, उसके भाई व अन्य सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए थे।ईडी ने इन मुकदमों का आधार बनाकर मनी लांड्रिग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर थी। बलरामपुर पुलिस ने हाशमी को भूमाफिया घोषित किया था और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी। ईडी ने जेल में बंद पूर्व विधायक हाशमी के विरुद्ध छानबीन शुरू करने के साथ ही बलरामपुर पुलिस से सरकारी व निजी जमीनों पर कब्जा किए जाने के मामलों में जानकारी भी मांगी थी।इससे पूर्व बलरामपुर पुलिस ने हाशमी व उसके सहयोगियों की लगभग 120 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। ईडी पुलिस द्वारा जब्त की जा चुकी संपत्तियों के लेनदेन की भी पड़ताल कर रहा है।सरकारी व निजी जमीनों का सौदा विभिन्न कंपनियों के माध्यम से किए जाने की बात भी सामने आई थी।उन कंपनियों की पड़ताल भी की जा रही है।

# पांचवीं की छात्रा से गैंगरेप, एक आरोपित हिरासत में

## होटल में ले जाकर किया गैंगरेप और बनाई वीडियो

### किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की दी धमकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को दो युवकों ने पड़ोस में रहने वाली पांचवी की छात्रा को जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद होटल ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपितों ने अश्लील वीडियो बनाया और शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी ।इसके बाद बेसुध हालत में घर के पास फेक कर चले गए। पिता को देखा तो आपीबीती सुनाई, जिसके बाद वह आरोपितों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। डीसीपी दक्षिणी केशव कुमार ने बताया कि नामजद आरोपितों में एक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली किशोरी पांचवी कक्षा की छात्रा है। छात्रा के पिता ने बताया कि सोमवार को साढे चार बजे वह जब अपने घर जा रहा था, तो उसकी बेटी उसे बदहवास स्थिति में रोते हुए मिली। जब उसने बेटी से पूछताछ की तो उसने बताया कि दोपहर करीब एक बजे जब वह स्कूल से लौट रही थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले दानिश व आमीन ने रास्ते में उसे रोक लिया। उसका बैग अपनी कार में डाल दिया। बाद में उसे भी खींचकर अपनी कार में बैठाया और लोकबंधु अस्पताल के पास स्थित एक होटल के पास कार रोकी और आमीन छात्रा का बैग लेकर नीचे चला गया। इसके बाद दानिश ने कहा कि बैग लेना है तो नीचे चलना पड़ेगा। आरोप है कि आमीन और दानिश किशोरी को लेकर कमरे के अंदर गए। दोनों ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। यह भी आरोप है कि जब दानिश छात्रा के साथ संबंध बनाता था तो आमीन उसका मुंह दबाकर रखता था और जब आमीन संबंध बनाता था तो दानिश छात्रा का मुंह दबा कर रखता था। पीड़ित पिता का आरोप है कि इस दौरान दोनों ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया और किसी से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति ने बताया कि टीम लगाई गई हैं। दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

### कृष्णा नगर पुलिस ने पीड़ित को घंटो बिठाए रखा

पीड़ित पिता ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही बेटी को लेकर कृष्णानगर थाने गए। यहां पर कृष्णानगर पुलिस ने शिकायत सुनने के बाद घंटो थाने में बैठाए रखा। इसके बाद घटना सरोजनीनगर की बताकर वापस लौटा दिया। जिसके बाद पीड़ित पिता सरोजनीनगर थाने पहुंचा तब जाकर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा राजभवन में आधार कैम्प का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** राज भवन, उत्तर प्रदेश में दिनांक 18 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके निर्मित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज इसी क्रम में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा राजभवन में विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया गया। इस विशेष कैम्प का आयोजन राजभवन में कार्यरत सफाई कर्मियों और उनके परिवारजनों जो की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी है के लिए किया गया ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उन तक आसानी से पहुँच सके। विशेष कैम्प में आज 50 लोगों ने आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उठाया। प्राधिकरण द्वारा निवासियों की सुविधा के लिए समय- समय पर आधार के विशेष कैम्प का आयोजन किया जाता रहा है।

# शादी से पहले ही मांगा दहेज, लड़के पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते दो माह पूर्व सगाई हो जाने के बाद वर पक्ष ने शादी में अधिक दहेज की मांग करने लगे। लड़की पक्ष ने इतनी मोटी रकम न दे पाने पर लड़की पक्ष ने तोड़ी शादी। लड़की पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अमित सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसने अपनी बहन की शादी लखनऊ निवासी पुनीत सिंह के साथ तय की थी जिसकी सगाई बीते जुलाई महीने में हो चुकी है. और शादी आगामी 28 नवंबर को होना तय हुआ था। सगाई के कार्यक्रम पर दिनेश सिंह व उसके पूरे परिवार द्वारा बहुत ही चतुराई से बरीक्षा का कार्यक्रम भी सगाई के साथ रखा था और यह भी तय हुआ था कि उसका खर्चा दोनों पक्ष उठाएंगे सगाई कार्यक्रम में लड़की पक्ष का सामान सहित करीब 3 लाख 35 हजार रुपए खर्चा हुए जिस पर लड़के पक्ष द्वारा भुगतान नहीं किया गया। उसके बाद से लडके के पिता दिनेश सिंह पत्नी उर्मिला सिंह व उनकी बेटी मोनी सिंह, नेहा सिंह लगातार फोन करके कह रही की शादी तभी होगी जब 26 लाख रुपए नगद. और दहेज में अन्य चीजों की माँग कर, आए दिन बहन को दहेज मांग प्रताड़ित करने लगे। जिससे अजिज होकर लड़की पक्ष ने शादी तोड़ दी। उसके बाद से पुनीत सिंह द्वारा मेरी बहन को लगातार फोन व मैसेज करके परेशान करने लगा और बोला मुझसे शादी नही करोगी तो तुम्हारी शादी किसी से भी नहीं होने दूंगा। जिससे मेरी बहन मानसिक रूप से परेशान चल रही है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पुलिस को मिली सफलता दो वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमे में तीन अपराधी की गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज लखनऊ,** ऑनलाइन साइबर गैंग ने पेट्रोल पंप गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर 34 लाख की ठगी कर ली और 4 वर्षों से मस्ती कर रहे हैं अपराधियों को पर एसीपी रजनीश वर्मा ने शिकंजा कसा और उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया साथ ही साइबर ठगी से बचने के लिए सावधानी बरसाने की उपाय भी बताएं। मोहनलालगंज कोतवाली में पीड़ित ने मुकदमा अपराध संख्या 317/ 22 दर्ज कराया था कि मनोज पटेल नाम के युवक ने इंस्टाग्राम, फेसबुक पर पेट्रोल पंप, वाटर सप्लाई गैस एजेंसी का एस आर पेट्रोल पंप का विज्ञापन जारी किया था जिस पर कुलदीप ने अपनी पत्नी के नाम पेट्रोल पंप के लिए आवेदन किया बकायदा भारत सरकार का निशान बना कर पेट्रोल पंप दिलाने का झांसा दिया जिस पर अलग-अलग खाता नंबरों पर जालसाजी करने वालों ने



टुकड़ों में रुपए जमा कराए कहा कि शीघ्र ही पेट्रोल पंप स्वीकृत से अवगत कराएंगे कुछ समय बाद जालसाजों ने कुलदीप को बताया कि आपका पेट्रोल पंप स्वीकृत हो गया है इन खातों में रुपए जमा करा दे पहले 25,500 28 मई 2020 को तथा 22 मई 2022 को 86,6 00 जमा कराए और कुछ समय बाद ठगों ने कहा कि आपका पेट्रोल पंप कुछ कारणों से निरस्त हो गया है यदि आप चाहे तो गैस एजेंसी ले सकते हैं उसके लिए ऑनलाइन फॉर्म भरना पड़ेगा जिसका आवेदन आनलाइन भुक्त भोगी ने कर दिया साइबर ठगो ने शिकार बने कुलदीप को कुछ एहसास हुआ कि मेरे साथ शायद धोखा धडी हुई है ठगों ने 16 जून 20 से 12 जनवरी 2021 तक अलग-अलग खाता नंबरों पर 34 लाख 04050 रुपए भेज दिए बताया गया कि गैस एजेंसी के गोदाम ऑफिस के लिए जमा रकम का 75 फीसदी रकम कंपनी द्वारा वापस कर दी जाएगी ऐसा लालच दिया इस झांसे में भक्त भोगी फसता गया साइबर ठग रुपए निकालने के लिए दूसरे राज्य चले जाते थे और एटीएम की वैल्यू बढ़वा कर वहां से रुपए निकाल कर वापस आ जाते थे जिसमें साइबर ठगों ने महाराष्ट्र गुड़गांव दिल्ली बिहार बेंगलुरु आदि जगह से फ्लाइट द्वारा पहुंचकर एटीएम से रुपए निकाले थे जोकि100 से अधिक घटनाओं को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया जा चुका है। जिसका मुकदमा दो वर्ष पूर्व भुक्तभोगी ने मोहनलालगंज कोतवाली में दर्ज कराया गया था परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई अपराधियों को गिरफ्तार कर श्री वर्मा ने करीब सात लाख रुपए फ्रीज करा दिए तथा अपराधियों को जेल भेज दिया।

### पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

दो वर्ष पहले मुकदमा पंजीकृत होने कर बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई भक्त भोगी परेशान रहा लेकिन मोहनलालगंज कोतवाली की कमान एसीपी रजनीश वर्मा के संभालने के बाद दर परत दर खुलती गई काफी प्रयासों के उपरांत आखिर कार आनलाइन साइबर ठगी करने वालो के लिए टीम गठित कर दूसरे राज्यों में मस्ती कर रहे गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इससे पूर्व भी कई मामले मोहनलालगंज कोतवाली एसीपी रजनीश वर्मा एवम् प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए साइबर ठगो का पता लगाकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया पकड़े गए अपराधियों में सिंटू कुमार पुत्र उदय प्रसाद 24 वर्ष एक्सकिशु पुत्र शिव बालक प्रसाद 26 वर्ष थाल पोश थाना पकरी बारावा नवादा बिहार तथा प्रवेश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी घनश्यामपुर रामचंद्रपुर थाना भादर अमेठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. अपराधियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह, उप निरीक्षक आनंद राव अंबेडकर, कांस्टेबल आयुष सिंह आदि शामिल थे।

### ठगो से बचने के एसीपी ने बताए उपाय

एसीपी ने साइबर ठगो से बचने के उपाय भी बताए कि संदेह वाले मेल, लिंक से सावधान रहे, ए टी एम पिन या सीवीवी, ओटीपी साझा न करे , अंजाम व्यक्ति को अपनी जन्म तिथि न शेयर करे। किसी भी प्रकार के फ्राड पर तत्काल 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराए, सावधानी हटी दुर्घटना घटी हमेशा एलर्ट रहे

# सात वारंटियो को किया गिरफ्तार कर भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मोहनलालगंज निगोहां पुलिस ने मगंलवार को न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे सात वारंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया एनबीडब्ल्यू वारंटियो की धरपकड़ के लिये सर्किल के थानो में मगंलवार को चलाये गये अभियान में मोहनलालगंज पुलिस ने पांच वारंटियो कैलाश, रामप्रसाद, रामशंकर,अमित कुमार निवासीगण भावाखेड़ा थाना मोहनलालगंज व सनी निवासी कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से पांचो वारंटियो को जेल भेज दिया गया ।निगोहां पुलिस ने दो वारंटियो पप्पू निवासी लालताखेड़ा व घसीटे निवासी मस्तीपुर थाना निगोहां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

# सगे भाईयो ने युवक को पीटा,मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां के स्टेशन मोड़ निवासी अभय अवस्थी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया विपक्षी आशीष यादव ने अपने भाई संदीप यादव के साथ मिलकर बीते रविवार को गाली-गालौज करते हुये उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये दोनो भाई मौके से भाग निकले ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस आरोपी सगे भाईयो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।

# नौकर ने मलिक पर लगाया अप्राकृतिक ढंग से संबंध बनाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद कस्बे में एक समलैंगिक संबंध का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें नौकर ने अपने मालिक पर डरा धमकाकर अप्राकृतिक ढंग से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है. इसको लेकर थाने पर शिकायत की फिलहाल पुलिस जांच की बात कह रही है। पुलिस को दी गई तहरीर में सुरेश ( बदला हुआ नाम ) जो कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। आरोप है कि वह विगत 10 सालों से अधिक समय से वह राजेंद्र वर्मा निवासी नगर पंचायत मलिहाबाद के घर घरेलू काम करने लगा था काफी समय तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा लेकिन कुछ महीने बाद ही राजेंद्र वर्मा उसे रात को घर पर ही रुकने को कहने लगा और उसके साथ आप प्राकृतिक ढंग से शारीरिक शोषण किया। यह भी आरोप लगाया गया कि अगर कहीं किसी बात की जिक्र के तुम्हारे परिवार सहित सबको बर्बाद कर दूंगा और कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचोगे। थाने में तहरीर देकर बताया कि राजेंद्र वर्मा महीने की सैलरी से भी आधा रुपया काट लेता था। जब पैसा मांगने गया तो जाति सूचक गालियां देते हुए धक्का मारकर निकल दिया। इस संबंध में एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामला संज्ञान में है. जांच की जा रही है।

# बच्चों से भरी स्कूली वैन अनियंत्रित होकर मकान में घुसी, कई बच्चे घायल

### तेज वाहन चलाने के लिए ड्राईवर की पहले भी हो चुकी है शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा क्षेत्र के मुजफ्फर खेड़ा गांव में आज एक बड़ा हादसा सामने आया, जब सेंट मैरी पब्लिक स्कूल की एक अनियंत्रित वैन एक मकान में जा घुसी। बताया जा रहा है कि वैन चालक ने वैन को तेज गति से चला रखा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। वैन में सवार स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे, लेकिन कई बच्चों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंचे परिजनों में भारी नाराजगी देखी गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार, एक बच्चे का पैर इस हादसे में टूट गया, जबकि अन्य बच्चों को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद वैन चालक और स्कूल के प्रिंसिपल फरार बताए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वैन चालक हमेशा गांव की संकरी गलियों में तेज रफ्तार से वाहन चलाता था, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी थी। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बच्चों के इलाज के लिए उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एचडीएफसी बैंक में तैनात महिला अधिकारी की संदिग्ध हालात में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एचडीएफसी की विभूतिखंड ब्रांच की एडिशनल डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट 45 वर्षीय सदफ फातिमा की मंगलवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल सकेगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि सदफ वजीरगंज की रहने वाली थी। जांच में सामने आया कि मंगलवार दोपहर तीन बजे ऑफिस में काम कर रही थी। तभी अचानक कुर्सी से गिर पड़ी। साथी कर्मचारियों ने आननफानन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## संक्षेप

### धोखाधड़ी कर कराया भूमि का बैनामा आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। बैनामे में जाति नाम छुपा कर अनुसूचित जाति के व्यक्ति कि भूमि भूमि क्रय किए जाने व कब्जे को लेकर हुए विवाद पर कई लोगों पर धोखाधड़ी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा न्यायालय के आदेश पर पंजिकृत हुअ तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उप निबंधक कार्यालय में कराए गए बैनामे के बाद न्यायालय में लेखपालों के द्वारा दाखिल रिपोर्ट में बड़ा हेर फेर हो रहा है ऐसे दर्जनों मामले तहसील में है जिनमें न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति की भूमिका बिना परमिशन के सामान्य व पिछड़ी जाति के लोग बिना परमीशन के दाखिल खारिज धड़ल्ले से हो रहे हैं जिनका कई बार खुलासा भी हुआ है ऐसा ही मामला भूमि नंबर 71 ' 456 स्थित ग्राम धानी खेड़ा खातेदार सूरज दीन पुत्र सुकरु के नाम दर्ज थी जिसमें सतीश कुमार पुत्र जुगल किशोर निवासी धानी खेड़ा की पत्नी का नाम विजयलक्ष्मी पत्नी सतीश कुमार तिवारी ने अपनी पत्नी को गुड़िया पत्नी सत्यनारायण की फर्जी आईडी लगाकर बैनामा करा लिया कब्जा लेते समय विवाद उत्पन्न हो गया जिस पर विक्रेता सूरज दीन ने न्यायालय किस शरण ली न्यायालय ने संबंधित थाना को एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश दिया न्यायालय के आदेश पर थाना बारा सगवर ने सतीश कुमार ' गुड़िया विजयलक्ष्मी गुलाब सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी षड्यंत्र सहित अन्य कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### स्वच्छता शपथ के साथ डीएस एन कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

उन्नाव। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो प्रदीप गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवम सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए महाविद्यालय,घर और आसपास में साफ सफाई रखने का वादा लिया। प्रो सुनील वर्मा ने बताया कि एन एस एस भारत सरकार की एक योजना है जिसके तहत, स्कूलों, कॉलेजों, और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लेते हैं. इस योजना को 24 सितंबर, 1969 को शुरू किया गया था. डॉ सुदर्शन ने बताया कि इसका उद्देश्य, युवाओं में सामाजिक दायित्व, अनुशासन, और श्रम के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना है। डॉ हरिशंकर यादव ने छात्र-छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता जगाने के लिए प्रेरित किया।प्रो सतीश ने की शुभकामनाएं दी।राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी ने सभी का स्वागत किया।लेफ्टीनेट डॉ विपिन सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप सभी के सहयोग से ही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई अपने कार्यों को अच्छे से संपन्न कर पाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी एड विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर ममता चतुर्वेदी, प्रो सुषमा, डॉ रेनू डॉ शुभा ,डॉ वी एन, डॉ प्रिंस,डॉ राकेश,डॉ अनुराग एवम महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## टिकैत संगठन की प्रदेश महासचिव ने महिला स्वास्थ्य कर्मियों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन (आरा) टिकैत संगठन की प्रदेश महासचिव किरन सिंह चौहान ने जिला महिला चिकित्सालय में जच्चा-बच्चा सेवाओं में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चिकित्सालय में डॉ. रेनू और आया मीरा के खिलाफ सुविधा शुल्क वसूलने की शिकायत की है, जिससे गरीब किसान जनता को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आक्रोशित कार्यकर्ता ने बताया कि बीते 23 अगस्त को शिवांगी पत्नी अंकित को नवाबगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया। ऑपरेशन के दौरान बच्चा हुआ। डॉ. रेनू ने तीन हजार रुपये जमा करने को कहा। किरन ने डॉ. रेनू से सवाल किया कि यह पैसा किसके लिए लिया जा रहा है, तो डॉ. रेनू ने बताया कि यह सीएमएस के आदेश पर है। जब सीएमएस से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस पचड़े में न पड़े और अपना काम करें। इससे साफ होता है कि अस्पताल में सुविधा शुल्क की वसूली की जा रही है और अधिकारी भी इस प्रक्रिया में शामिल हैं।पीड़िता ने बताया कि 26 अगस्त को उन्होंने अपनी बहू को जच्चा-बच्चा के लिए अस्पताल लाया। वहां डॉ. नेहा मौजूद थीं, लेकिन आया मीरा ने ऐसी दवा दे दी जिससे बहू की हालत बिगड़ गई। इसके बाद डॉ. नेहा को बुलाया गया जिन्होंने ऑपरेशन के जरिए डिलवरी की। इस लापरवाही से न केवल जच्चा-बच्चा की जिंदगी खतरे में पड़ी। बल्कि यह भी दशार्ता है कि अस्पताल में कार्यप्रणाली कितनी अव्यवस्थित है।अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी गंभीर समस्या का सामना कर रही है। एक टेक्नीशियन केवल 40 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करता है और उसके बाद चला जाता है। इससे महिलाएं सुबह पांच बजे से लंबी कतार में लगती हैं। इस स्थिति में तत्काल एक नए अल्ट्रासाउंड तकनीशियन की तैनाती की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं को उचित समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।भारतीय किसान यूनियन ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से डॉ. रेनू और आया मीरा की जांच की जाए और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन इस मुद्दे पर ध्यान नहीं देता है, तो संगठन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। कहा, ₹हमारा संगठन हमेशा से किसानों और आम जनता के अधिकारों के लिए खड़ा रहा है। यदि इन अनियमितताओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हम आंदोलन करेंगे।

## भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा करने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा करने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने हाल ही में हुए अनुज प्रताप सिंह के एनकाउंटर पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान केवल उनके अपराध से होनी चाहिए न कि उनकी जाति से।डॉ. शर्मा ने कहा, ₹अपराधी सीसीटीवी में दिख रहा है, वह रिवॉल्वर लेकर आ रहा है। उसे यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि वह किस जाति का है।₹ उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई भी अपराधी अपनी जाति के आधार पर नहीं बचेगा। योगी सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। जो लोग अपराध करने की सोच रहे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब उनकी खैर नहीं है,₹ उन्होंने जोड़ा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए डॉ. शर्मा ने कहा,उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं है। उनकी सरकार में जाति पूछकर कार्रवाई होती होगी, लेकिन हमारी सरकार में अपराधी केवल अपराधी है।₹ भाजपा की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे अपराधियों में भय व्याप्त है।समीक्षा के दौरान, डॉ. शर्मा ने पार्टी कार्यकताओं से संवाद किया और नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया। ₹भाजपा का लक्ष्य है कि हर घर में एक सदस्य हो, ताकि हम अपनी नीतियों और योजनाओं को अधिकतम लोगों तक पहुंचा सकें,₹ उन्होंने कहा।उन्होंने राज्य में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में कई योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। ₹हमें विश्वास है कि आगामी चुनाव में जनता हमारा साथ देगी, उन्होंने स्पष्ट किया। डॉ. शर्मा के बयानों ने स्पष्ट कर दिया है कि योगी सरकार ने अपराधियों के खिलाफ एक सख्त नीति अपनाई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का फांसी के फंदे पर झूलता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर तोदा गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से किशोरी का शव लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा है। वहीं परिजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुटी है।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा कठरवा गांव निवासी शिखा 16 वर्ष पुत्री हरिओम माता-पिता की मौत के बाद अपने जीजा मुन्नीलाल निवासी थाना औरास क्षेत्र के मुन्नाखेड़ा के यहां डेढ़ वर्षों से रह रही थी। जिसका शव मंगलवार सुबह हसनगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर तोदा गांव निवासी जयराम वाल्मीकि के आम के बाग में खुद के दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर हसनगंज व औरास पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल की हैं।मृतक की बड़ी बहन सोनम ने बताया कि रविवार को शाहपुर तोदा मार्केट में कपड़े खरीदने को बता कर निकली थी। देर रात तक वापस न आने पर इधर-उधर खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला था जिस पर औरास थाने में सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मृतक के एक भाई निर्मल 10 वर्ष का है।शव घर से 7 किलोमीटर दूरी पर लटका होने के कारण ग्रामीण तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पन्नालाल हॉल सभागार, कलेक्ट्रेट उन्नाव में जिला पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उक्त बैठक में विभाग द्वारा निर्धारित एजेण्डा जैसे नैफेड द्वारा आपूर्ति पोषाहार, एन0आर0एल0एम0 द्वारा उत्पादित पोषाहार, सैम बच्चे के पोषण स्तर में सुधार, सम्भव अभियान 4.0, पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, लर्निंग लैब आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, एनीमिया मुक्त भारत (10-19 वर्ष की स्कूल न जाने वाली/स्कूल में नामांकित न होने वाली किशोरियों के सम्बन्ध में), हॉटकुक्ड मील योजना हॉटकुक्ड मील योजना एवं माह सितम्बर 2024 में राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी।

नैफेड द्वारा आपूर्ति पोषाहार की समीक्षा की गयी जिसमें जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त एन.आर.एल.एम को निर्देश दिया गया कि पोषाहार उत्पादन इकाई द्वारा बैकलाग पोषाहार की आपूर्ति परियोजना पर यथाशीघ्र कराते हुए बैकलाग की समाप्ति की जाय।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों को माह सितम्बर, 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उन्नाव को दिये गये। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के स्वीकृत 92 आंगनबाड़ी केन्द्रों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया कि 63 आंगनबाड़ी केन्दों भवनों पर कार्य प्रारम्भ हो गया है अवशेष 29 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों पर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये गये।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, राकेश कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 21.09.2024 को जनपद उन्नाव के 291 सत्रों पर की कुल 3155 किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच किये जाने का लक्ष्य निर्धारति था। इस अभियान में ग्राम के सभी ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ,पंचायत मित्र, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा के सहयोग से किशोरी बालिकाओं को सत्र पर उपस्थित कराकर स्वास्थ्य जांच कराते हुए अनुमन्य दवाएं दिलाई गयी। इस अभियान के प्रथम सत्र के सफल आयोजन पर जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं आई.सी.डी.एस. विभाग उन्नाव की प्रशंसा की गयी। इस अभियान में प्रधानाध्यापकों/सहायक अध्यापकों के द्वारा भी उक्त किशोरियों को जागरूक करते हुए पुनः स्कूल से जोड़ने/नामांकित करने का प्रयास भी किया गया। इसी प्रकार दिनांक 25.09.2024, 28.09.2024 एवं 03.10.2024 को 10-19 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य जांच अभियान आयोजित किया जाना है। माह अगस्त में 2024 में 24 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, 01 आर0बी0एस0के0 एवं 03 ओ0पी0डी0 द्वारा कुल 28 सैम बच्चें एन.आर.सी. में भर्ती कराया गया है।पोषण ट्रैकर की फीडिंग में जनपद उन्नाव मीजरिंग इफिसिएन्सी, मोबाइल वेरीफिकेशन तथा होम विजिट में प्रथम स्थान स्थान पर है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों की प्रशंसा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उन्नाव सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## तेज धमाके के साथ विद्युत उपकेंद्र पर हुआ ब्लास्ट, घंटो विद्युत आपूर्ति रही ठप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले के सोनिक स्थित 400 केवी उपकेंद्र में सोमवार शाम अचानक हुए एक बड़े ब्लास्ट के कारण जिले भर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस हादसे में उपकेंद्र के इंसुलेटर और रिएक्टर फट गए, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों ने आपातकालीन स्थिति में बिजली की आपूर्ति तुरंत रोक दी। ब्लास्ट के कारण पूरे जिले में अंधेरा छा गया, और लाखों लोग बिजली की अनुपलब्धता के कारण परेशान हुए।उपकेंद्र से 52 पावर स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति होती है, और ब्लास्ट के बाद अभियंताओं ने तेजी से मरम्मत कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ट्रांसफार्मर के रिएक्टर में खराबी के कारण यह धमाका हुआ। इस घटना के बाद करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे पूरे जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र प्रभावित हुए।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि ब्लास्ट की आवाज इतनी तेज थी कि मौके पर मौजूद कर्मचारी डरकर भाग गए। इसके बाद जिले के कई क्षेत्रों, विशेषकर शुक्लागंज के 11 उपकेंद्रों और ग्रामीण इलाकों में बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग के अधिकारी और संबंधित अधीक्षक अभियंता से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनके फोन लगातार व्यस्त रहे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।स्थानीय निवासी मनोज तिवारी ने कहा, ₹गर्मी के इस मौसम में बिना बिजली के रहना असहनीय हो गया है।₹ वहीं, राधिका देवी ने बताया कि बिजली की अनुपस्थिति के कारण घर का सारा काम ठप हो गया और पूरा परिवार परेशान हो गया।हालांकि, देर रात कुछ फीडरों की बिजली बहाल हुई, जिससे थोड़ी राहत मिली, लेकिन स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी।

स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या के समाधान के लिए कई टीमें तैनात की हैं, लेकिन उपकेंद्र में हुए नुकसान का आकलन और मरम्मत कार्य जारी है। बिजली बहाली के लिए लोग अब भी इंतजार कर रहे हैं, और क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है।

## बाढ़ पीड़ितो को वितरित की राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बाढ़ ने कई इलाकों को बुरी तरह प्रभावित रहा किया है, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं।इस मुश्किल घड़ी में जीएनआरएफ फाउंडेशन ने राहत कार्यों के तहत गंगाघाट क्षेत्र के रविदास नगर, कर्बला और गोताखोर इलाकों में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री वितरित की।फाउंडेशन की टीम ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों तक खाना पहुंचाया। इस राहत अभियान के तहत सैकड़ों बेघर परिवारों को भोजन और अन्य जरूरी सामग्री दी गई।इस पहल से प्रभावित लोगों को काफी राहत मिली, जो बाढ़ के कारण भोजन और अन्य आवश्यक चीजों से वंचित हो गए थे।फाउंडेशन के साथ मौलाना मोहम्मद असलम, अरशद जमाल बरकाती, सद्दाम अत्तरी, सलमान अत्तारी, इमरान रजा अत्तारी और हाजी परवेज अत्तारी जैसे समाजसेवी भी जुड़े हुए थे, जिन्होंने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्नाव में बाढ़ की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने कई इलाकों को जलमग्न कर दिया है। बाढ़ के कारण लोग अपने घरों में फंसे हुए हैं और उन्हें तत्काल मदद की जरूरत है। फाउंडेशन ने न केवल भोजन की मदद पहुंचाई बल्कि मानसिक रूप से भी पीड़ितों को सहारा दिया। टीम के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावितों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को समझा और भरोसा दिलाया कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक फाउंडेशन उनकी सहायता करता रहेगा। इस प्रकार की मदद बाढ़ पीड़ितों को मानसिक रूप से भी मजबूत बनाती है, जो उन्हें कठिन समय में सकारात्मकता प्रदान करती है।जीएनआरएफ फाउंडेशन ने आगे भी राहत कार्य जारी रखने का वादा किया है और स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि वे इस संकट की घड़ी में फाउंडेशन के प्रयासों में सहयोग करें, ताकि राहत कार्य तेजी से और व्यापक रूप में हो सके।फाउंडेशन की यह पहल एक मिसाल है कि संकट की घड़ी में समाज कैसे एकजुट होकर पीड़ितों की मदद कर सकता है।

## बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को वितरित की गई राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को राहत शिविर पर जाकर एस डी एम व क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि ने राहत सामग्री दी शिविर में विधायक कार्यकर्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे तहसील क्षेत्र के कई गांव गंगा नदी के जल स्तर बढ़ जाने से चपेट में आ गए जिससे ग्रामीण अपना अपना घर छोड़कर आस पास के गांवों में आकर अपने परिवार समेत गुजारा बसर करने को मजबूर हैं शासन प्रशासन बाढ़ ग्रसित ग्रामीणों की हर



प्रकार से मदद कर रहा है जिसके चलते आज गहोली गांव में बने बाढ़ राहत शिविर में उप जिला अधिकारी नवीन चंद्र क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर के पुत्र व प्रतिनिधि अश्वनी दिवाकर ने जाकर बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरण किया इस मौके पर विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान लाले गौड़ लल्ला तिवारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

## शहर में 01 अक्टूबर से निर्धारित रूटों पर ही चल सकेंगे ई-रिक्शा

### शहरवासियों को जाम की समस्या से मिलेगी निजात

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। आमजन को जाम की समस्या से निजात दिलाये जाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में 01 अक्टूबर 2024 से वन-वे रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी हो जायेगी। रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। स्कूल वाहन, एम्बुलेन्स व अन्य आपातकालीन सेवाएं डायवर्जन व्यवस्था से मुक्त रहेंगे।इसके अलावा त्यौहार, जुलूस या अन्य किसी विशेष आयोजन के समय आवश्यकतानुसार रूट में परिवर्तन किया जा सकता है।

शहर में 01 अक्टूबर से प्रभावी होने वाले रूट डायवर्जन व्यवस्था के बारे में जानकारी देती हुईं पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने बताया कि तिकोनीबाग चौराहा से रोडवेज होकर आने वाले ई-रिक्शा को गुरुद्वारा तिराहे से नगरपालिका होते हुए डीएम तिराहा की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। डीएम तिराहा से नगर पालिका होते हुए आने वाले ई-रिक्शा का गुरुद्वारा तिराहा से रोडवेज, तिकोनीबाग की तरफ डायवर्जन किया जायेगा। बशीरगंज से गुदड़ी होते हुए पीपल तिराहा आने वाले ई-रिक्शा का गुरुद्वारा की तरफ डायवर्जन किया जायेगा। पीपल तिराहा से गुदड़ी बाजार, बशीरगंज की ओर ई-रिक्शा प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार ट्रान्सफार्मर तिराहा, मूंगफली मण्डी होते हुए घण्टाघर की तरफ आने वाले ई-रिक्शा का चाँदपुरा की तरफ डायवर्जन किया जायेगा। घण्टाघर से ट्रान्सफार्मर तिराहा, मूंगफली मण्डी की ओर ई-रिक्शा प्रतिबन्धित रहेगा। अस्पताल चौराहे से छोटी बाजार, कानूनगोपुरा होते हुए घण्टाघर आने वाले ई-रिक्शा को घण्टाघर से छावनी की तरफ डायवर्जन किया जायेगा। घण्टाघर से कानूनगोपुरा, अस्पताल चौराहा की ओर ई-रिक्शा प्रतिबन्धित रहेगा। इसके अलावा छावनी चौराहा से घण्टाघर, पीपल तिराहा आने वाले ई-रिक्शा पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेंगे। छावनी चौराहा की तरफ से घण्टाघर आने वाले ई-रिक्शा का चाँदपुरा चौराहे से पुराना नानपारा बस स्टैण्ड से आगे आकर केवानागंज मोड़ से तांगा स्टैण्ड से छावनी बाजार की तरफ डायवर्जन किया जायेगा। गुरुद्वारा तिराहा, छावनी चौराहा, चांदपुरा चौराहा की तरफ से घण्टाघर की ओर ई-रिक्शा नहीं जा सकेगा। जबकि फखरपुर-कैसरगंज की ओर से आने वाले ऑटो गोलवाघाट तक ही आ सकेंगे। शहर के अन्दर आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा।

## खेत पर काम कर रही महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने खेत पर काम कर रही थी तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन उसे सी एच सी लेकर आए गंभीर हालत देखते चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के उनवा निवासी माहेश्वरी 42 वर्ष पत्नी सुरेश अपने खेत पर काम कर रही थी तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन उसे बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते महिला को जिला अस्पताल भेज दिया

## पुरानी पेंशन हमारा कर्मसिद्ध अधिकारः राकेश मौर्या




### आक्रोश मार्च तैयारी हेतु अटेवा पदाधिकारियों की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। एनपीएस/यूपीएस के विरोध में राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 26 सितंबर को जनपद मुख्यालय पर आयोजित होने वाले आक्रोश मार्च को सफल बनाने हेतु अटेवा नवाबगंज ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों की बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज परिसर में आयोजित की गई। अटेवा नवाबगंज ब्लाक इकाई के अध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 26 सितंबर को जनपद मुख्यालय पर आयोजित आक्रोश मार्च में भारी संख्या में शिक्षकों के पहुंचाने हेतु आवाहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने कहा की पुरानी पेंशन हमारा कर्मसिद्ध अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली का निर्गत नही होता तब तक हमारा आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने हक अधिकार की लड़ाई तथा पुरानी पेंशन बहाली के लिए पेंशन पुरुष विजयबंधु जी के आह्वान पर हर आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे। बैठक में सरोज कुमार, रविंद्र कुमार,ध्यान सिंह, बृजभूषण वर्मा, शक्तिधर पाठक, सजल मिश्र, ओमप्रकाश वर्मा, संतोष कुमार मिश्र, अमित कुमार, रामसिंह यादव, आदित्य सिंह, निगार सुल्ताना, शिल्पा उपाध्याय, सालमा बेगम, अंजलि दीक्षित सहित भारी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

**पीएम नरेन्द्र मोदी कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। भाजपा के कोर एजेंडे में एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा रहा है। मोदी सरकार अब इस एजेंडे पर आगे बढ़ना चाहती है। राजग के सहयोगी दलों में इस मुद्दे पर सहमति है, लेकिन कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की ओर से इसे व्यवहारिक नहीं मानते हुए एक साथ चुनाव का विरोध किया जा रहा है। ऐसे में सरकार के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर राजनीतिक सहमति बनाना आसान नहीं होगा। चूंकि एक साथ चुनाव एजेंडे को लागू करने के लिए संविधान में कई संशोधन भी करने होंगे, इसलिए सत्ता पक्ष के लिए संसद का कठिन गणित मुसीबत बन सकता है। जिन राज्यों का कार्यकाल अधिक प्रभावित होगा, वे भी इससे आनाकानी करेंगे। हो सकता है, कई राज्यों में राष्ट्रपति शासन का सहारा लेना पड़े। ऐसी अनेक बाधाएं हैं, जिनसे पार पाना होगा। यह सही है कि एक साथ चुनाव आजादी के बाद वर्ष 1967 तक हुए हैं, आगे भी कराने में कोई दिक्कत नहीं है, विश्व के अनेक देश में होते हैं, इसके बावजूद मौजूदा भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक साथ चुनाव राजनीतिक सुधार का अग्निपथ ही है। इसी विषय पर पेश है आजकल का ताजा अंक...**

# सुधार का अग्निपथ 'एक साथ चुनाव'



**विश्लेषण**

शंभू भद्र

अर्थ-राजनीतिक विश्लेषक व पत्रकार

**केंद्र में वर्ष 2014 से जब से पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, भारत व्यवस्थागत परिवर्तन की राह पर है। पीएम मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 24.82 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत जल्द ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने व वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए संकल्पित है। व्यवस्था परिवर्तन की इसी कड़ी में भारत 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2026 में परिसीमन का कार्य पूरा होना है, उसके बाद ही लोकसभा व विधानसभा चुनावों में 33 फीसदी महिला आरक्षण भी लागू होगा और वर्ष 2029 एक राष्ट्र एक चुनाव का गवाह बन सकता है।**

मोदी 3.0 सरकार एक नए सुधार की ओर कदम बढ़ा रही है। 'एक राष्ट्र एक चुनाव'। पीएम मोदी कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय जनगणना, जाति गणना, परिसीमन के बाद केंद्र की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करेगी। सवाल है क्या राजनीतिक सहमति बनेगी? क्या इसे लागू करना आसान होगा? इसे लागू करने से देश राजनीतिक रूप से कितना बदल जाएगा? देश को इसका फायदा होगा या नुकसान? चुनाव का स्वरूप कितना बदल जाएगा? वर्ष 1967 के बाद आखिर किसी सरकार ने ऐसी कोशिश क्यों नहीं की? आखिर भाजपा ने इस मुद्दे को अपने कोर एजेंडे में क्यों लिया? विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है? क्या एक राष्ट्र एक चुनाव सच में संघीय लोकतंत्र के लिए खतरा है और इससे देश प्रेसिडेंसियल स्वरूप की तरह हो जाएगा? क्या इससे क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व मिट जाएगा? अनेक सवाल हैं, जो देश की फिजाओं में तैर रहे हैं। सियासतदानों के मन में शंका-आशंका है।

केंद्र में वर्ष 2014 से जब से पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, भारत व्यवस्थागत परिवर्तन की राह पर है। बेकार कानूनों के निरस्तीकरण से लेकर नए न्याय संहिता तक, तीन तलाक की विधि तलाक-ए-बिद्दत व कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान व अनुच्छेद 35-ए के खात्मे से लेकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने व अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से लेकर ओबीसी व ईडब्ल्यूएस कोटे तक, जनधन से लेकर डिजिटल इंडिया तक, उज्ज्वला योजना से लेकर एक देश एक राशन स्कीम तक, किसान निधि से लेकर नैनो यूरिया तक, हाई-वे, एयरपोर्ट, पोर्ट, सी प्लेन तक भारत ने परिवर्तन की नई इबारत लिखी है। पीएम मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 24.82 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। व्यवस्था परिवर्तन की इसी कड़ी में भारत 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2026 में परिसीमन का कार्य पूरा होना है, उसके बाद ही लोकसभा व विधानसभा चुनावों में 33 फीसदी महिला आरक्षण भी लागू होगा और वर्ष 2029 एक राष्ट्र एक चुनाव का गवाह बन सकता है।

## कोविंद समिति की ये सिफारिशें

एक साथ चुनाव की प्रक्रिया तय करने के लिए कोविंद समिति का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली इस समिति में आठ सदस्य थे। समिति ने इस वर्ष 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। एक राष्ट्र एक चुनाव की सिफारिश वाली इस रिपोर्ट को मोदी कैबिनेट ने बुधवार (18 सितंबर) को मंजूरी दे दी। समिति ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की है, इसके 100 दिन बाद स्थानीय निकाय (नगर निकाय व पंचायत) चुनाव कराने की बात कही है। समिति ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक बढ़ाने का सुझाव दिया है। इसे लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करना होगा, इसके लिए सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक ला सकती है। समिति ने देश में एक कॉमन इलेक्टोरल रोल बनाने की सिफारिश की है। हंग असेंबली, नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।



## बदलेगी चुनावी तस्वीर

'एक राष्ट्र एक चुनाव' (वन नेशन वन इलेक्शन) देश की चुनावी तस्वीर को बदल कर रख देगा। यह न ही संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है, न ही संघवाद की गारंटी के खिलाफ है और न ही इससे संविधान व संसदीय लोकतंत्र को कोई खतरा है। इससे देश की संघीय राजनीति और संविधान के बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं होगा। जैसा कुछ दल दुष्प्रचारित कर रहे हैं। हमारी संसदीय प्रणाली में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा नई नहीं है। आजादी के बाद वर्ष 1967 तक देश में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हो रहे थे। वर्ष 1968-69 से स्थिति बदली, जब केंद्र की कांग्रेस सरकार ने कुछ राज्य विधानसभाओं को विभिन्न कारणों से कार्यकाल से पहले ही भंग कर दिया गया था। कांग्रेस की मनमानियों व अनुच्छेद-356 के दुरुपयोग का ऐसा सिलसिला चला कि उसके बाद विधानसभाओं के कार्यकाल बदलते गए और राज्यों के चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे।

## कब से बिगड़ा एक साथ चुनाव का चक्र

आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए गए थे। 1968 और 1969 में कई राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल समय से पहले खत्म कर दिया गया था। 1970 में इंदिरा गांधी ने पांच साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही लोकसभा को भंग करने का सुझाव दिया। इससे उन्होंने भारत में एक साथ चुनाव कराने की परंपरा को तोड़ दिया, जबकि 1972 में लोकसभा के चुनाव होने थे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव को एक साथ कराने का मुद्दा 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक़्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था।

## किन राज्यों पर क्या असर

उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर, पंजाब व उत्तराखंड का कार्यकाल 3 से 5 महीने घटेगा। गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा का कार्यकाल 13 से 17 माह घटेगा। असम, केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल और पुडुचेरी का कार्यकाल भी कम होगा। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के चुनाव लोकसभा के साथ होते हैं। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, बिहार के समय भी घटाने होंगे। असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की विधानसभाओं का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा, गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब,यूपी और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल 2027 में समाप्त होगा। हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा और तेलंगाना में राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2028 में समाप्त होगा। कोविंद समिति ने स्वीडन, जापान, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, फिलीपिंस, इंडोनेशिया की चुनाव प्रक्रिया का अध्ययन किया।

## करने होंगे संविधान संशोधन

संविधान के अनुच्छेद एक के अनुसार भारत 'राज्यों का संघ' है, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से संविधान की इस स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पांच वर्ष का है, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से केंद्र व राज्यों के कार्यकाल एक साथ पूरे होंगे। अभी ऐसा नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक प्रणाली के गठन का सुझाव दिया, ताकि राज्य विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो सकें। जस्टिस रेड्डी की अध्यक्षता वाले 1999 के विधि आयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। 2015 में संसदीय स्थायी समिति की 79वीं रिपोर्ट ने एक साथ चुनाव कराने के समर्थन को दोहराया था। भारतीय चुनाव आयोग ने वर्ष 2015 में सरकार को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें संविधान तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2016 में एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार पेश किया था। अब एक साथ चुनाव को लागू करने के लिए दो बड़े संविधान संशोधन की ज़रूरत होगी। संविधान के अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन करना होगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में एक साथ चुनाव के लिए संविधान के अनुच्छेद-83, 85, 172, 174 और 356 में संशोधन का जिक्र किया था। वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र ने कहा था कि चुनाव आयोग एक साथ चुनाव कराने में सक्षम है।

## भारत एक परिपक्व लोकतंत्र

एक परिपक्व लोकतंत्र होने के नाते भारत 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का अनुसरण सरलता से कर सकता है। वर्ष 2017 में नीति आयोग ने एक साथ चुनाव पर एक मसौदा पत्र तैयार किया गया था। विधि आयोग ने भी वर्ष 2018 में एक मसौदा पत्र लेकर आया था और कहा था कि एक साथ चुनाव कराने की संभावना के लिए कम से कम पांच संवैधानिक बदलावों की आवश्यकता होगी। विधि आयोग की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया था कि देश में दो फेज में चुनाव कराए जा सकते हैं। कोविंद समिति ने भी यही सिफारिश की है। विधि आयोग के मसौदा पत्र (2018) की सिफारिशों के अनुसार, संविधान में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 तथा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं की प्रक्रिया के नियमों में संशोधन के माध्यम से एक साथ चुनाव बहाल किए जा सकते हैं। वर्ष 1951 के अधिनियम की धारा-2 में एक परिभाषा जोड़ी जा सकती है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कामकाज़ के नियमों में संशोधन के माध्यम से अविश्वास प्रस्ताव को रचनात्मक अविश्वास मत से बदला जा सकता है।

## क्या होंगे फायदे

विधि आयोग द्वारा एक साथ चुनावों पर अगस्त 2018 में जारी मसौदा रिपोर्ट के अनुसार, इसके कई फायदे हैं। जैसे पैसे व संसाधन की बचत, प्रशासनिक ढांचे और सुरक्षा बलों पर बोझ में कमी, नीतिगत निरंतरता, चुनाव कर्मियों पर दबाव में कमी आदि। मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। वोट बैंक तुष्टिकरण की राजनीति रुकेगी। चुनाव प्रचार के दौरान बढ़ने वाली राजनीतिक कटुता में कमी आएगी। बार-बार होने वाले चुनाव शासन के फोकस को दीर्घकालिक नीति लक्ष्यों से अल्पकालिक नीति लक्ष्यों की ओर ले जाते हैं। इसलिए एक साथ चुनाव से विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकते हैं। त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति पर विधि आयोग का सुझाव है कि संविधान में इस तरह संशोधन करना होगा कि कोई भी ऐसी नई लोकसभा या विधानसभा जो बीच में बनी हो, केवल पिछले कार्यकाल के शेष समय के लिए ही गठित की जाएगी। 21वें विधि आयोग ने कहा कि देश में एकसाथ चुनाव के लिए एक व्यवहार्य वातावरण मौजूद है। अब केंद्र सरकार पर निर्भर है कि वह इसे कब लागू करती है।

# राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर बने सहमति



**विमर्श**

अखिलेश आर्येन्दु

वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक व समाजकर्मी

केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिए एक राष्ट्र एक चुनाव को मंजूरी दिए जाने पर तमाम राजनीतिक दलों और राजनीति के जानकारों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई हैं लेकिन ज्यादातर लोगों ने निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर इसका खैरमकदम किया है। गौरतलब है कि इसी साल मार्च में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंप दी थी। समिति के गठन के बाद से 191 दिनों के हितधारकों, विशेषज्ञों और इस विषय पर अनुसंधान कार्य कर रहे लोगों के साथ परामर्श के बाद इतनी बड़ी रिपोर्ट तैयार की गई थी।

जानकारों का मानना है कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें, सिफारिशें और नियम सभी राष्ट्र को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के अनुरूप हैं। बहुत कम लोग जानते होंगे कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का अस्तित्व 1983 से ही है, जब निर्वाचन आयोग ने पहली बार इसे पेश किया था। हालांकि वर्ष 1951 से 1967 तक भारत में एक साथ चुनाव आयोजित कराना एक सामान्य प्रक्रिया थी। लेकिन 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के वक्त से पहले विघटन की वजह से यह सामान्य चुनाव प्रक्रिया बाधित हुई, फिर तो लगातार बाधित होती चली गई। रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली समिति की रिपोर्ट में एक खास तरह के सुझाव दिए गए हैं। जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव करने की सिफारिश की गई है।

## एकसमान गति से होंगे कार्य

इसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जाएं। सिफारिश में यह बात भी जोर देकर कही गई है कि इन सिफारिशों के लागू होने का निरीक्षण करने के लिए एक कार्यान्वयन समूह का गठन किया जाना चाहिए। इसका मकसद भी साफ किया गया है जिसके तहत संसाधनों के बचाने, विकास को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने, सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के कार्य सारे देश में एक समान गति से किए जाएंगे। जो पार्टियां या बुद्धिजीवी इसे महज भाजपा का एक ध्यान हटाने का एजेंडा कह रहे हैं, यह उनकी सतही सोच का परिणाम ज्यादा लगता है। दरअसल, जब देशहित में कोई निर्णय केंद्र सरकार लेती है तो उस निर्णय का भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्रों पर असर और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक असर पर भी गौर करती है। विपक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि सबसे पहले देश है फिर कोई दल या मजहब। जो लोग 'एक राष्ट्र एक चुनाव'को विकास का मिशन बता रहे हैं उनके तर्क को भी बगैर दुराग्रह आग्रह के समझा जाना चाहिए। तभी तो सोच और चिंतन निष्पक्ष माने जाएंगे।

## बढ़ सकता है मतदान का प्रतिशत

एक सकारात्मक तर्क इसके पक्ष में यह भी दिया जा रहा है कि इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है। जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। एक राष्ट्र एक चुनाव किसी लोकतांत्रिक देश के लिए पहली बार नया प्रयोग नहीं है बल्कि स्वीडन जहां



राष्ट्रीय विधानमंडल, प्रातीय विधान मंडल, स्थानीय निकायों, नगरपालिका सभाओं के चुनाव एक खास तारीख और हर चौथे साल सितम्बर के महीने में कराए जाते हैं। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका में भी राष्ट्रीय और प्रान्तीय विधानमंडलों के चुनाव एक साथ हर पांच वर्ष में कराए जाते हैं। ब्रिटेन में भी ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता व पूर्वानुमेयता की भावना प्रदान करने के लिए एक निश्चित अवधि संसद अधिनियम 2011 पारित किया गया था। इस तरह हम यह नहीं कह सकते हैं कि दुनिया में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' प्रणाली कहीं नहीं है।

## नवनिर्माण का मिशन होगा

यह तो भारत का नया प्रयोग है। इससे जाहिर हो गया है कि दुनिया के वे देश जो बार-बार चुनाव की वजह से परेशान हुए या विकास में यह बाधा बनकर खड़ा रहा, वहां एक देश एक चुनाव की प्रणाली लागू कर दी गई जिससे आज ये देश तरक्की की नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। अनुमान लगा सकते हैं कि एक बार के चुनाव में कितनी बड़ी धन राशि देश की खर्च होती है और साल भर जो छोटे-छोटे आंचलिक चुनाव होते हैं, यदि उनका खर्च जोड़ा जाए तो शायद इतनी या इससे ज्यादा राशि और खर्च हो जाती है। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' ऐसा दूरगामी देश नव निर्माण का मिशन होगा जिससे साल भर चलने वाले चुनावों से तकरीबन छुटकारा मिल जाएगा। जाहिर तौर पर बार-बार के चुनाव से जहां विकास और प्रगति में जबरदस्त रुकावट आती है वहीं पर धन, जन, संसाधनों की बेतहाशा बर्बादी को रोकने में मदद मिलेगी। जो ऊर्जा बार-बार चुनाव के मद में लगती रहती है, वह ऊर्जा यदि जन कल्याण और विज्ञान के क्षेत्र में लगेगी तो भारत से गरीबी को रफूचक्कर करने में बहुत देर नहीं लगेगी। जाहिर तौर पर साल भर कहीं न कहीं किसी न किसी निकाय का चुनाव होता ही रहता है। आचार संहिताएं लगी रहती हैं। वहीं एनडीए सरकार में शमिल दलों का यह कहना कि आजादी के बाद 1951 से 1967 तक एक साथ ही चुनाव हुआ करते थे। तब कांग्रेस का शासन था। अब कांग्रेस इसी प्रणाली के खिलाफ हो गई है। यह उनका महज विरोध के लिए ही विरोध करने जैसा है। मायावती ने इसे सकारात्मक कदम बताकर यह संकेत दे दिया है कि केंद्र की हर देश हितैषी कदम का वे कदापि विरोध नहीं करेंगी। एक राष्ट्र एक चुनाव के मद्देनजर कुछ सवाल भी उठाए जा रहे हैं, जिनमें एक बड़ा सवाल यह है कि त्रिशंकु सरकार या सरकार के गिरने पर क्या होगा। इस सवाल का समाधान भी रिपोर्ट में किया गया है। इसके मुताबिक त्रिशंकु सदन या अविश्वास प्रस्ताव के हालात में नये सदन के गठन के लिए फिर से चुनाव कराए जा सकते हैं। इस हालात में नये लोकसभा (या विधानसभा) का कार्यकाल पहले की लोकसभा (या विधानसभा) की बाकी बची अवधि के लिए ही होगा। इसके बाद सदन को भंग माना जाएगा। ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि इसके लागू होने के बाद केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराहट बढ़ जाएगी। लोकसभा के पूर्व महासचिव और संविधान के जानकार पीडीटी आचारी का मानना है कि एक देश एक चुनाव का मुद्दा व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इसके लिए जरूरी है कि देश की सभी विधानसभाएं एक साथ भंग हों, जो संभव ही नहीं है।

## राजनीतिक अस्थिरता का सवाल

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने का मतलब है कि स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक साथ कराने होंगे। राज्य में चुनाव के बाद किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत न मिले तो ऐसे हालात में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी हो सकती है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सवाल किए जा रहे हैं। देखना यह है कि केंद्र सरकार ऐसा कौन सा रास्ता व कदम उठाती है जिससे सबकी सहमति हासिल हो जाए।

# कल्पित नुकसान के कुतर्क को बढ़ा रहा विपक्ष



**एकसाथ चुनाव**

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ स्तंभकार

केंद्र की मोदी सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए गठित रामनाथ कोविंद की सिफारिशों पर अपनी मुहर लगा दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, फाइनेंस कमीशन के पूर्व चेयरमैन एन के सिंह, संविधानविद् सुभाष कश्यप, प्रसिद्ध एडवोकेट हरीश शाल्वे और संजय कोठारी समेत कुल सात सदस्य शामिल थे। हालांकि अधीर रंजन चौधरी ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर इस कमेटी में शामिल होने से इंकार कर दिया था। कमेटी की रिपोर्ट स्वीकारने के बाद अब सरकार का कहना है कि वह इस मसले पर आम सहमति बनाने की कोशिश के साथ शीतकालीन सत्र में विधेयक लाएगी।

## अमलीजामा पहनाना बड़ी चुनौती

गौरतलब है कि कोविंद समिति ने सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कुल 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश के साथ ढेर सारे सुझाव दिए हैं। अब सरकार के लिए इसे अमलीजामा पहनाना इसलिए बड़ी चुनौती है कि विधेयक को लोकसभा से पारित कराने के लिए कम से कम 362 और राज्यसभा में 163 सांसदों का समर्थन चाहिए। इसके अलावा कम से कम 15 राज्यों की विधानसभा से भी पारित होना आवश्यक होगा। देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस कठिन अग्निपरीक्षा को कैसे पार करती है।

गौर करें तो 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार कोई नया नहीं है। 1952 में प्रथम आम चुनाव से लेकर 1967 के चौथे आम चुनाव तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते रहे। उसके बाद सत्तारुढ़ दलों की महत्वाकांक्षा और अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग ने चुनावी कैलेंडर की तस्वीर बदल दी। अब अगर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फलीभूत होता है तो निःसंदेह देश का फायदा होगा। धन के अपव्यय से बचा जा सकेगा। वैसे भी इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग अपना-अपना दृष्टिकोण प्रकट कर चुके हैं। 1999 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के सुझाव के साथ-साथ सख्त कानूनी ढांचे की सिफारिश की थी। आयोग द्वारा भी गत वर्ष की गई मसौदा सिफारिशों में संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन की बात कही जा चुकी है ताकि एक साथ चुनाव सुनिश्चित हो सकें। विधि आयोग के अलावा 2015 में कानून और न्याय मामलों की संसदीय समिति ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की सिफारिश की थी। इन संस्थाओं के सुझावों के बाद ही सरकार इस दिशा में आगे बढ़ी है। विचार करें तो एक साथ चुनाव होने के ढेर सारे फायदे हैं। अगर पांच साल में एक बार चुनाव होगा तो करोड़ों रुपये की बचत होगी और उस धन का उपयोग गरीबी, भुखमरी और कुपोषण से लड़ने में हो सकता है।

## कम समय रहेगी आचार संहिता

इसके अलावा कम अवधि के लिए आचार संहिता लागू होगी जिससे सामान्य सरकारी कामकाज में भी अवरोध उत्पन नहीं होगा। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव साथ होने से काले धन के प्रवाह पर भी रोक लगेगी। यह सच्चाई है कि चुनावों में काले धन का जमकर उपयोग होता है जिससे नतीजे भी प्रभावित होते हैं। चुनाव आयोग द्वारा हर चुनाव में हजारों करोड़ रुपये काला धन जब्त किया जाता है।



दूसरी ओर एक साथ चुनाव होने से शिक्षा क्षेत्र का कामकाज प्रभावित होने से बचेगा। चुनाव में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की ड्यूटी लगती है और पठन-पाठन बाधित होता है। एक साथ चुनाव होने से जनता की भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। पांच साल में एक बार चुनाव होने से जनता के बीच भी उत्साह उत्पन्न होगा। यह सच्चाई है कि देश में बार-बार चुनाव होने से लोगों का चुनाव के प्रति आकर्षण कम होता है और उसका कुप्रभाव लोकतंत्र की बुनियाद पर पड़ता है। बहुत से लोग रोजगार एवं अन्य कारणों से दूसरी जगहों पर रहते हैं। उन्हें मतदान के लिए बार-बार अपने मूलस्थान पर आना संभव नहीं होता। लेकिन अगर एक साथ चुनाव हो तो लोग एक बार में दोनों चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन विडंबना है कि कुछ राजनीतिक दल इसके फायदे के बजाए कल्पित नुकसान के कुतर्क को आगे बढ़ा रहे हैं। याद होगा गत वर्ष 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मसले पर जब प्रधानमंत्री ने बैठक बुलाई थी तो किस तरह कुछ राजनीतिक दलों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। दरअसल इस बहिष्कार के पीछे उनका मकसद यह साबित करना था कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' असंवैधानिक और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है और सरकार इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधना चाहती है।

यह आरोप ठीक नहीं है। विमर्श से पहले ही इस नतीजे पर पहुंच जाना कि एक साथ चुनाव देश हित में नहीं है, लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है। इन राजनीतिक दलों की नजर में एक साथ चुनाव होने से कई तरह की समस्याएं उत्पन होंगी। मसलन चुनाव जीतने के लिए बड़े राजनीतिक दल भारी पैमाने पर संसाधनों का इस्तेमाल करेंगे जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए उनका मुकाबला कठिन होगा। यानी बड़े राजनीतिक दल छोटे राजनीतिक दलों को चुनाव में हरा देंगे। उनका सोचना है कि एक साथ चुनाव होगा तो मतदाता केंद्र एवं राज्य में एक ही दल को बहुमत देगा। लेकिन यह चिंता निर्मूल है।

## क्षेत्रीय दलों में पनपी आशंका

2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ कई राज्यों की विधानसभाओं के भी चुनाव हुए लेकिन नतीजे अलग-अलग रहे। क्या यह रेखांकित नहीं करता है कि देश का मतदाता परिपक्व हो चुका है? कुछ क्षेत्रीय दलों का तर्क यह भी है कि चुनावों के दौरान देश के बड़े राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को उछालेंगे जिसमें क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के मुद्दे गौण पड़ जाएंगे। यानी देश की जनता क्षेत्रीय मुद्दों के बजाए राष्ट्रीय मुद्दों को तवज्जो देगी और उसका नुकसान क्षेत्रीय दलों को उठाना होगा। उनकी आशंका है कि एक साथ चुनाव होने से चुनाव का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित हो जाएगा और राष्ट्रीय दल प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर चुनाव में बढ़त बना लेंगे। यानी जनता जिस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाएगी उसी दल का राज्यों में भी दबदबा होगा। एक साथ चुनाव से परिणाम देर में आएंगे और सत्तारुढ़ दल उसमें हेरा-फेरी करा सकता है। गौर करें तो क्षेत्रीय दलों की आशंका ठीक वैसी ही है जैसी कि वे ईवीएम को लेकर छाती पीटते रहे हैं। संभवतः 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों का देश की जनता पर भरोसा कम और अपने कपोलकल्पित आशंकाओं पर ज्यादा हैं। सच कहें तो इस तरह की नकारात्मक प्रवृत्ति देशहित के खिलाफ है।

## संक्षेप

### अमरोहा में एसपी ने पांच थाना प्रभारियों का किया ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पांच थाना प्रभारी को इधर से उधर कर दिया। जारी हुई तबादला सूची में अमरोहा नगर, अमरोहा देहात, गजरौला, डिडौली और नौगांवा सादात थाना प्रभारियों का नाम शामिल है।एसपी ने इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह को अब डिडौली थाने की कमान सौंपी है। जबकि डिडौली इंस्पेक्टर पंकज तोमर को अमरोहा नगर कोतवाल बनाया है। आपको बता दे कि अमरोहा जनपद के एसपी कुंवर अनुपम सिंह लगातार जिले में क्राइम रोकने के लिए पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में फिर बदल कर रहे हैं। आज रविवार को एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने राजेश कुमार तिवारी को थाना अमरोहा नगर से अमरोहा देहात थाना प्रभारी बनाया है। प्रेमपाल सिंह को अमरोहा देहात थाने से नौगांव सादात थाना प्रभारी बनाया है। सुधीर कुमार को थाना नौगांव सादात से गजरौला थाना प्रभारी बनाया है। पंकज तोमर को थाना डिडौली से अमरोहा नगर थाना प्रभारी बनाया है। हरीश वर्धन सिंह को गजरौला थाना प्रभारी से डिडौली थाना प्रभारी बनाया है।साथ ही एसपी ने सभी को तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी फरियादियों की फरियाद को अच्छे से सुने और उसका त्वरित निस्तारण करें। किसी पुलिसकर्मी ने लापरवाही की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के गजरौला कोतवाली इलाके में नजीबाबाद रेल लाइन पर गांव सकरथली के निकट एक युवक की नजीबाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही थाना और जीआरपी की टीम भी आ गई। जहां सिविल पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया है।हादसा ट्रैक को पार करते वक्त हुआ है। यह घटना गजरौला कोतवाली में नजीबाबाद रेल लाइन पर गांव सकरथली के पास की है। रविवार को गांव सलेमपुर निवासी दयानंद (40) पुत्र समरपाल किसी काम से गांव सकरथली जा रहा था। बताया जा रहा है कि जब युवक गांव से निकलकर रेलवे लाइन को पार कर रहा था, उसी दौरान गजरौला से नजीबाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन आ गई। जहां ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसा होता देख लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन ट्रेन की चपेट में आने से युवक के शव के चिथड़े उड़ चुके थे और युवक की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर आ गई। उधर मौके पर जीआरपी और गजरौला थाना पुलिस भी आ गई। फिलहाल मृतक के शव का गजरौला पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पीएम को भेज दिया है।

# एनसीईआरटी कार्यशाला दिल्ली मे जनपद का मान बढ़ायेंगी लेखिका शमा परवीन

## शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर हैं शमा परवीन

### कई प्रतिष्ठित मंच से हो चुकी हैं सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। 26 व 27 सितंबर को डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढ़ता प्रभाव पर एनसीईआरटी नई दिल्ली कार्यशाला में शिक्षकों का चयन हुआ है जिसमें बहराइच से लेखिका शमा परवीन प्रतिभाग करेगी। कार्यशाला के लिए उक्त का चयन बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय हौसला कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा की गई काव्य प्रस्तुति में से श्रेष्ठ रचनाओं एवं उनकी प्रस्तुती में काव्य शैली के आधार पर किया गया है। एनसीईआरटी के तत्वधान में नई दिल्ली में 26, 27 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढ़ता प्रकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न जनपद से शिक्षक शिक्षिकाए प्रतिभाग करेगी। शमा परवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय तो टिकोरा मोड़ बहराइच उत्तर प्रदेश से इस अवसर पर आमंत्रित की गई है जो प्रतिभाग करके अपने जनपद का मान एवं गौरव बढ़ाएगी। कार्यशाला में चयन होने पर बहराइच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शमा परवीन को शुभकामना प्राप्त हुआ। पिछले साल 2023 में भी शमा परवीन देश के सबसे बड़े शैक्षिक संस्थान एनसीआरटी हिंदी पखवाड़ा कार्यशाला में प्रतिभाग कर सम्मानित हो चुकी है।

लेखिका शमा परवीन ने अपनी काव्यात्मक, लेखन अभिव्यक्ति में उल्लेखनीय प्रतिभा, रचनात्मकता और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रसिद्ध पुस्तकों-हकीकी इश्क, बेहिसाब, परवीन की कहानिया, इल्म की शमा, खूबसूरत बाल कहानियां सहित अनेक पुस्तके प्रकाशित हुई है जो एमेजॉन पर बेस्ट सेलर के रूप में लगातार रिकार्ड दर्ज करती है। बताते चले कि लेखिका शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन इससे पहले भी हजारों मंच से सम्मानित हो चुकी है।

# नेपालगन्ज बांके में साहित्यिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ कथाकार सनत कुमार रेग्मी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारत की सीमा नेपाल की बाँके जिला के नेपालगञ्ज में कल्पना फाउन्डेशन नेपाल के साहित्यकारों के लिये आयोजन किया गया। आख्यान लेखन अन्तरक्रिया कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कल्पना फाउन्डेशन नेपाल के सचिव लेक प्रसाद प्याकुरेल ने किया। आख्यान लेखन अन्तरक्रिया कार्यक्रम, कल्पना फाउन्डेशन नेपाल की अध्यक्ष कल्पना पौडेल जिज्ञासु की अध्यक्षता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथाकार सनत कुमार रेग्मी शामिल हुए। आख्यान लेखन अन्तरक्रिया मुख्य वक्ता के रुप में कार्यक्रम के बिशिष्ट अतिथि कथाकार तथा भाषा आयोग सदस्य गोपाल अश्क रहे। अश्क ने आख्यान लेखन की बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। कार्यक्रम में बिशिष्ट अतिथि लुम्बिनी प्राविधिक विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रा.डा.कृष्णप्रसाद घिमिरे, प्राज्ञ सभा सदस्य शशीराम कार्की, खगेन्द्र गिरि कोपिला, पुष्पमणि प्रधान, भरत रानाबाट, दिलाशाह, लेक प्रसाद प्याकुरेल लगायत लोगों ने अन्तरक्रिया में अपनी अपनी जिज्ञासा रखी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कथाकार तथा भाषा आयोग के सदस्य गोपाल अश्क को प्रमुख अतिथि सनत कुमार रेग्मी, कल्पना फाउन्डेशन नेपाल की अध्यक्ष कल्पना पौडेल जिज्ञासु ने माया की चिनो प्रदान किया था। इसी तरह कार्यक्रम में खजुरा प्रज्ञा प्रतिष्ठान के उपझकुलपति इन्द्र बहादुर भण्डारी, प्राज्ञ सभा सदस्य महानन्द ढकाल, भेरी साहित्य समाज केन्द्रीय समिति के सलाहकार हरि प्रसाद तिमिल्सिना, शिक्षाविद् तथा साहित्यकार किरण आचार्य, वरिष्ठ साहित्यकार गणेश जिसी, भेरी साहित्य समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष इन्द्र बहादुर बस्नेत, मीना बराल, सर्वदा साहित्य संगम के अध्यक्ष खगेन्द्र गिरि कोपिला, भरतबहादुर रानाभाट सहित काफी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# पुलिस व एसएसबी के हत्थे चढ़ी महिला तस्कर, 5 किलो चरस बरामद

### एक करोड़ पचास लाख रुपए की बताई जा रही चरस

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श थाना रुपईडीहा में पुलिस अधीक्षक, वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व मादक पदार्थो की तस्करी पर रोकथाम एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की धरपकड़ के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह के दिशा निर्देश में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह मय हमराह पुलिस हेड कांस्टेबल मुलायम सिंह, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल संदीप चौहान, महिला कांस्टेबल प्रिया पांडेय, एवं एसएसबी सीमा सुरक्षा बल 42वीं वाहिनी सत्येंद्र कुमार सिंह, सदानंद कलिता, सुप्रिया भारती, मनदीप कौर, विनीता दास, मेघाली वशुमती, पूजा सिंह आंचल रानी डॉग हैंडलर, डॉग मीको द्वारा संयुक्त चेकिग अभियान के दौरान एक महिला तस्कर रेखा बुढा पुत्री दिल बहादुर बुढा निवासी गाविसा काक्री जिला रुकुम राष्ट्र नेपाल उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिनकी तलाशी से 05 किलोग्राम अवैध चरस जो अभियुक्ता द्वारा बॉडी फिटिंग किया गया था, बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में आदर्श थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत गिरफ्तार अभियुक्ता को पेशी हेतु न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

# फर्जी निवेश कंपनी बनाकर करोड़ की ठगी का आरोप

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच जनपद के गोंडा रोड मोहल्ला डिगिहा एस एन प्लाजा निकट सुखदेव राज पेट्रोल पंप के पास फर्जी निवेश कंपनी की ऑफिस बनाकर करोड़ों की ठगी कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है की बियर्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप आफ कंपनी के नाम से फर्जी कंपनी को बनाकर गांव-गांव जाकर हम लोगों को बरगलाकर गारंटी पेपर दिखाकर कंपनी में विभिन्न प्रकार के निवेश करने का लालच दिया गया। पीड़ित ने बताया है कि बहराइच में 2012 में ऑफिस खोलकर 2021 तक पैसे जमा कराए गए। जिससे हम लोगों ने कंपनी के ईम्पलाई की बातों पर विश्वास करके अपनी पूंजी निवेश की परंतु जैसे ही कंपनी में धनराशि जमा कराई गई बाद में कन्वर्जन कर साई दीप प्रोडक्शन कंपनी लिमिटेड में हमारी धनराशि कन्वर्ट करके हम लोगों को बांड इसी कंपनी का दे दिया। इस प्रकार उक्त ठगों ने बहराइच में करोड़ों रुपया जमा कराया बाद में उक्त कंपनी के जब बांड की समय सीमा अवधि पूरी हुई तब हम लोगों ने कंपनी से भुगतान करने के लिए कहा तो उन्होंने साफ मना कर दिया और कंपनी में ताला लगाकर सभी ठग फरार हो गए। फोन करने पर भी पैसे नहीं देने की बात करते हैं। फर्जी कंपनी में निवेश कर लगभग करोड़ों रुपए हड़प लिए गए। जिसमें कुल मिलाकर सैकड़ो निवेशकर्ता हैं। पीड़ित ने बताया पूंजी लेकर फरार हो गए हैं। पीड़ित के साथ लगभग 12 निवेशकताओं ने आज कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर रुपए लेकर फरार होने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# बांदा में अतिक्रमण हटाओ अभियान



### सिटी मजिस्ट्रेट ने हटवाया अतिक्रमण, 4500 रुपए जुमार्ना भी वसूला

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में नगर पालिका की टीम ने बांदा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। महेश्वरी देवी मंदिर से शंकर गुरु चौराहे तक सड़क की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों से 4500 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला और वरिष्ठ सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। शहर में अवैध वाहन स्टैंडों और ई-रिक्शा के बेतरतीब खड़े होने से लोग जाम की समस्या से परेशान थे। दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान सजाने और ठेले लगवाने की वजह से पटरियों पर भी कब्जा कर लिया गया था। यहां तक कि कुछ दुकानदार ठेले वालों से 5 से 10 हजार रुपये तक किराया भी वसूल रहे थे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि अगर भविष्य में फिर से अतिक्रमण किया गया, तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से शहरवासियों ने जाम से राहत की सांस ली है।

# यमराज बनकर सड़कों पर घूम रहे आवारा जानवर

### सिर्फ कागजों में गौशालाओं में है आवारा जानवर, हो चुके हैं कई हादसे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में आवारा जानवर यमराज बनकर सड़कों पर घूम रहे हैं, लेकिन जिले का पशु विभाग और जिला प्रशासन आवारा जानवरों को गौशालाओ में होने का सिर्फ कागजी दावा कर रहे हैं। अमेठी कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में आवारा जानवर अपना कब्जा किए हैं और राहगीर जान बचाकर किसी तरह वहां से निकल रहे हैं। झुंड के झुंड सड़कों पर बैठे आवारा जानवर किसी भी दिन किसी बड़ी घटना का कारण बन सकते हैं।

दरअसल, प्रदेश सरकार के सख्त आदेश के बावजूद अमेठी में लोगों को आवारा जानवरों से निजात नही मिल पा रही है। झुंड के झुंड आवारा जानवर सड़कों पर यमराज बनकर घूम रहे हैं। आलम यह है कि अमेठी कस्बे के गौरीगंज रोड, प्रतापगढ़ रोड, दुगार्पुर रोड, सुल्तानपुर रोड, मुंशीगंज रोड और पाई पास पर बड़ी संख्या में आवारा जानवर सड़कों पर घूम रहे हैं। सड़कों पर यमराज बनकर बैठे इन जानवरों से किसी तरह राहगीर जान जोखिम में डालकर मौके से निकल रहे। अमेठी प्रशासन लगातार दावा कर रहा है कि आवारा जानवर गौशालाओ में हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। करीब एक साल पहले किसानों और आम लोगों की समस्याओं के देखते हुए तत्कालीन सांसद स्मृति ईरानी ने भी डीएम को पत्र लिखकर आवारा जानवरों को पकड़कर गौशालाओ में पहचाने का आदेश दिया था, लेकिन वो सिर्फ आदेश तक ही रह गया।

# गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए लगा शिविर

## अधीक्षक ने पत्र जारी कर तीन दिनों के भीतर मांगा स्पष्टीकरण, कहा-आशा बहू के कार्य में सुधार लाएं

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच और टीकाकरण शिविरों का औचक निरीक्षण सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुपरवाइजरों को आशा और एएनएम के कार्यों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। डॉ. ओझा ने कहा कि जब तक इन कार्यों का सही सत्यापन नहीं होगा, तब तक सुधार संभव नहीं है। शिविर में साहेपारा, गड़ावर, हसुडी, औसानपुर, पटना, कठौतिया रामनाथ और खरैली गांवों में आशा बहुओं के कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया में 8 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया, जिसमें बीएमसी सूर्यदेव सिंह और बीओसी सुषमा द्विवेदी ने भी सहयोग किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण और टीकाकरण के लिए उन्हें प्रेरित किया। भौतिक सत्यापन में योग्य दंपति का एलएमपी अपडेशन, गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, प्रसव पूर्व कम से कम 4 जांचें, संस्थागत प्रसव, गृह आधारित नवजात शिशु और बच्चों की देखभाल कार्यक्रम, और आशा डायरी का समावेश किया गया।

अधिकारियों ने लापरवाही बरतने वाली आशा बहुओं चंद्रलेखा, मिथिलेश, सुखमणि, सुनीता, शिल्पा, मिथलेश देवी, श्यामा, और एएनएम के खिलाफ चेतावनी पत्र जारी किया। तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण में ध्रुवचंद्र, मेराज अहमद, राजीव त्रिपाठी, राहुल कुमार, मनोज कुमार, और दीपक मधुकर शामिल रहे। यह पहल गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

### हादसे में बाइक सवार की मौत, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा के मातौंध थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अनंत द्विवेदी (25) के रूप में हुई है, जो शहर कोतवाली के इंद्रा नगर का निवासी था और एमआर का काम करता था। घटना उस समय हुई जब वह कबरई से वापस लौट रहा था। मातौंध के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई शुभम द्विवेदी ने बताया कि घटना से 15 मिनट पहले अनंत ने रिश्तेदारों से फोन पर बात की थी। उन्होंने यह भी कहा कि बाइक क्षतिग्रस्त नहीं हुई थी, जिससे यह संदेह हुआ कि शायद यह कोई रंजिश का मामला हो सकता है। उन्होंने अपने पिता की कुछ लोगों के साथ पुरानी रंजिश की ओर इशारा किया। मटौंध थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि ढाबे वालों ने हादसे की सूचना दी थी। फिलहाल, इस मामले में हत्या का कोई संकेत नहीं मिला है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की तहकीकात जारी है।

# सुल्तानपुर में युवती के मर्डर का मामला

### 24 घंटे बाद भी खाली हाथ पुलिस, न हुई शिनाख्त न ही हत्यारों का लगा सुराग



अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के गोसाईंगंज के वैदहा में युवती की हत्या कर डेडबॉडी नहर के पास झाड़ी में फेंकी गई। घटना को लगभग 24 घंटे बीत चुके हैं। पुलिस न तो लाश की शिनाख्त करा सकी है और न ही हत्यारों का सुराग लग सका है। युवती के हाथ पैर कपड़े से बांधकर उसे फेंका गया था। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के वैदहा स्थित शारदा सहायक नहर खंड 16 के पास एक 22-24 साल के बीच की युवती की लाश शनिवार दोपहर को मिली थी। युवती के हाथ और पैर दुपट्टे से बंधे हुए थे। ग्रामीणों की सूचना पर गोसाईंगंज थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए शव को माचुर्री में सुरक्षित रखवाया था। युवती की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसको लेकर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी कर गोसाईंगंज पुलिस ने पहचान की अपील की जो अब तक नहीं हो सकी।

# दीवार ढहने से एक किशोर की मौत

### नाबलिक समेत 3 घायल, ठेकेदार ने नाबालिकों से कराया काम; प्रशासन से कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा था। ठेकेदार की लापरवाही से मंदिर की दीवार ढहने से चार मजदूर मलबे में दब गए। जिनमें दो नाबालिक थे। जहां एक किशोर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन अन्य का इलाज चल रहा है। इसमें से एक को गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर किया गया। लेकिन प्रशासन ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के बजाए उसे बचाने का प्रबंध किया जा रहा है। कोतवाली नगर के सीताकुंड स्थित चंद्रगुप्त मंदिर के पास नगर पालिका के ठेकेदार अजय सिंह द्वारा नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती गई, मंदिर की चहार दीवारी से सटाकर नाली खुदाई करने से मंदिर की दीवार में दरार आ गई। लेकिन लापरवाही बरतते हुए ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया जाता रहा। नतीजा ये हुआ कि शनिवार दोपहर बाद 30 से 40 फीट के आसपास दीवार भरभरा कर गिर गई। जिसमें नाली निर्माण में लगे चार मजदूर दब गए। इनमें कोतवाली नगर के चुनहा निवासी पंकज निषाद (17) पुत्र फूलचंद्र निषाद, कोतवाली नगर के चुनहा निवासी सोहनलाल निषाद (30), कोतवाली देहात के बरगादवा निवासी रामू निषाद (18) पुत्र नवमी लाल निषाद और छोटू निषाद (17) घायल हुए। मोहल्ले वासियों ने राहत व बचाव कार्य करते हुए मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। आनन-फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। मजदूर सोहनलाल को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। वही 2 अन्य घायलों का इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

# संक्षेप

## आर्य समाज महोत्सव में उमड़ी भीड़

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के स्याना में आर्य समाज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें वैदिक विद्वानों के उपदेश सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। महोत्सव की शुरूआत वेद मंत्रों के उच्चारण और यज्ञ में आहुति के साथ हुई। स्वामी अखिलेश नंद सरस्वती ने अपने प्रवचनों में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता पर जोर दिया और बताया कि यूरोप और अमेरिका जैसे आधुनिक देश भी भारतीय संस्कृति से प्रेरणा ले रहे हैं। भजन उपदेशक संदीप गिल और कुलदीप आर्य ने अपने भजनों के माध्यम से समाज और राष्ट्र को मजबूत करने का आह्वान किया। उनके भजनों ने समारोह में मौजूद लोगों को भावविभोर कर दिया और उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस महोत्सव की अध्यक्षता शिवकुमार सिंघल ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन आचार्य डॉक्टर शिव कुमार शास्त्री ने किया। कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे से शुरू होकर तीन सत्रों में देर रात 11:00 बजे तक चला।

समारोह के अंत में आर्य समाज प्रधान नरेंद्र रस्तोगी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और आयोजन की सफलता के लिए सभी व्यवस्थापकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डॉ विजय आर्य, रीता आर्य, सौरव आर्य, संदीप आर्य, भागीरथ आर्य और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला।

## अनूपशहर के गांव में डीजे की आवाज को लेकर मारपीट

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, जहांगीराबाद के गांव अंधियार में डीजे बजाने को लेकर गांव निवासी आरोपियों द्वारा युवक के साथ मारपीट कर लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई है। गांव अंधियार निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर तखत पर लेटकर डीजे सुन रहा था। तभी आशीष, भूरा व नीला आकर डीजे तेज आवाज में बजाने की बात कहते हुए गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से पीड़ित के साथ में जमकर मारपीट की। किसी तरह युवक जान बचाकर अपने घर में घुसा तो आरोपियों ने पीछे से घर में घुसकर उसके साथ में मारपीट की। जिसमें वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित के शोर को सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में मंगलवार को विभाग द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिले का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों मानसिक रोगियों को परामर्श व दवा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला व घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि- एक स्वस्थ समाज ही एक स्वस्थ देश का निर्माण कर सकता है । समृद्ध व ताकतवर देश ही खुद की और दूसरों की रक्षा करने में समर्थ होता है । देश को मजबूत बनाने के लिए सभी को स्वस्थ्य होना जरूरी है। यह कार्य हम सभी के प्रयास संभव है। मानसिक रोग विशेषज्ञ अमित कुमार शाही ने कहा कि- सभी से अपील है कि- मानसिक रोग के लक्षण दिखने पर किसी उम्र का व्यक्ति हो चिकित्सालय लाने के लिए प्रेरित करना होगा जैसे- नींद न आना,हमेशा बेचैनी व घबराहट महसूस होना, अनाप-शनाप बोलना, बात बात में चिढ़ जाना यदि ऐसे लक्षण दिखे तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेन चाहिए। मानसिक रोग से जुड़ी सभी दवाइयां सरकार की तरफ से मुक्त दी जाती है। किसी तरह का कोई शुल्क नहीं होता है। उक्त अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला, घघसरा नगर पंचायत प्रभाकर दुबे, सुशील कुमार शुक्ला हेमंत पांडेय, चंद्रसेन पाठक, विनय पांडेय, जयराम,जय कृष्ण यादव ,बिनोद यादव, जकीरूल्लाह, अंजनी कुमार, रवि राज, अमरेंद्र राज, देवेंद्र भट्ट, संगीता, क्षमा मिश्रा,कुसुम लता, सुशीला,संदीप कुमार पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## कार्यवाही से नाराज खनन माफियाओं ने युवक को पीट कर किया अधमरा

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के खनन अधिकारी द्वारा अवैध खनन करने वाले माफियाओं पर कारवाई करने पर नाराज खनन माफियाओं ने गीडा थाना क्षेत्र के बङगहन निवासी युवक पर अपहरण कर खजनी थाना क्षेत्र के सियर के पास मारपीट कर घायल कर दिया ।पीडीत के तहरीर पर पुलिस ने छः नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है । गीडा थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर अधिकारीयों ने खनन माफियाओं पर कारवाई कर दिया । उसी से बौखलाए खनन माफियाओं ने गीडा थाना क्षेत्र के बङगहन निवासी सोनू यादव का खजनी थाना क्षेत्र के सियर के पाह अपहरण कर मारपीट कर घायल कर दिया ।मोबाइल तोङकर उसे भगा दिया ।17सितंबर को युवक को दिल का दौङा पङ गया ।उपचार के बाद युवक ने खजनी थाने में तहरीर दिया ।पुलिस ने खजनी थाना क्षेत्र के छपिया निवासी अर्जुन यादव,करन,एकला निवासी फागू यादव,छताई निवासी जयकरन,रवि यादव अज्ञात,अशीष यादव नंदापार व 10-12अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आईटीएम गीडा के छात्रों ने निर्माण किया स्मार्ट मेडिकल डायपर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस की पूर्व संध्या पर फामेर्सी द्वितीय वर्ष के छात्र ओम पाण्डेय,प्रणव शर्मा और संध्या रावत ने छोटे बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्मार्ट मेडिकल डायपर तैयार किया है जो जीवाणु संक्रमण को फैलने से रोकने के साथ डायपर के गीला होने पर अस्पताल में नर्स और घर मे परिवारजनों को अलार्म के माध्यम से सूचना देता है इसका इस्तेमाल छोटे बच्चों के साथ अस्पताल में वरिष्ठ मरीजों पर भी कर सकेंगे निदेशक फामेर्सी डॉ0 पी0 डी0 पाण्डा ने बताया स्मार्ट मेडिकल डायपर के गीला होते ही तुरंत इसका सिग्नल मिल जाएगा नैनो चिप टाइम पर के गीला होने पर ही काम करता है ।स्मार्ट डायपर को बनाने में ट्रांसमीटर रिसीवर, अलार्म,रुई,3वोल्ट की कॉइन सेल, डायपर, रेड इंडिकेटर अलार्म आदि उपकरणों का प्रयोग किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों ककी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# यात्री के गायब बैग को पुलिस ने वापस कराया



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। देवरिया जिले के निवासी सुधीर कुमार दिल्ली में कार्य करते है। सुधीर की ससुराल बेलघाट थाना क्षेत्र के शंकरपुर में हैं। 22 सितंबर को दिल्ली से गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और आटो में बैठ गए। नौसढ के पास आटो से भाड़ा देकर नीचे उतरे तब तक आटो चालक गाड़ी लेकर चला गया और एक बैग आटो में छूट गया। पीड़ित ने आईटीएमएस पहुंच कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आटो मालिक का पता खोजी तो वह सहजनवां निवासी एक व्यक्ति का निकला। आटो मालिक के घर पुलिस पहुंची तो बताया गया कि आटो सीहापार निवासी राम प्रसिद्ध चलाते है। इसके बाद पुलिस चालक के घर पहुंची तो चालक ने बैग अपने पास सुरक्षित रखा था और पुलिस को दिखा दिया। मंगलवार को एसओ विशाल उपाध्याय की मौजूदगी में चालक राम प्रसिद्ध ने पीड़ित सुधीर को बैग वापस कर दिया।

# बंदरों और आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

- मोहल्ले वासियों को बाहर निकलने पर रहता हमले का डर, मेयर से मिले गंगानगर रेजीडेंट्स

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में गंगानगर रेजीडेंट्स तमाम परेशानियों को लेकर मेयर से मिले। गंगानगर वासियों ने महापौर हरिकांत अहलूवालिया के सामने तमाम समस्याएं रखीं। कालोनी वासियों ने बताया कि कालोनी में आवारा कुत्तों, बंदरों से लोग परेशान हैं। कालोनी में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है। इन परेशानियों की वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। गंगा नगर ए ब्लॉक के निवासियों ने हरिकांत अहलूवालिया के सामने अपनी समस्याएं रखीं। कालोनीवासियों ने कहा कि यहां टंकी की सफाई, पार्क में विशाल पेड़ों की कटाई और बंदरों की समस्या प्रमुख है। जिस पर काम नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि टंकी की सफाई के नाम पर केवल तारीख लिखकर सफाई का काम पूरा कर दिया गया है। जबकि वास्तविक सफाई की आवश्यकता बनी हुई है। इसके अलावा पार्क में स्थित बड़े पेड़ों की कटाई की मांग भी उठाई गई, क्योंकि यह सुरक्षा के लिए आवश्यक है। बैठक में बंदरों की समस्या पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। जहां निवासियों ने बताया कि बंदरों के आतंक से क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

# खुली बैठक में दी गई प्रधानमंत्री आवास की जानकारी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत रामपुर और बैदौली में शनिवार को खुली बैठक के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री आवास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और आवास के लिए पात्र लोगों की जानकारी ली गई। पंचायत सचिव गौरी देवी ने कहा कि जिनके पास कच्चे मकान, आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा, भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले लोग, हाथ से कूड़ा ढोने वाले, जनजातीय समूह आदि लोग पात्रता की श्रेणी में आएंगे, जिनके पास पक्का मकान व कई कमरे जिसपर कटरेन लगा हो वह अपात्रता की श्रेणी में आएंगे। ग्राम प्रधान कलावती देवी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी झुग्गी झोपड़ी में न रहे, सभी के पास एक पक्का मकान हो। इस दौरान ग्राम प्रधान अवधेश सिंह रोजगार सेवक जनार्दन सिंह पंचायत सहायक मधु सिंह पंचायत सहायक नीलम यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा पर चला सफाई अभियान ग्रामीणों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर और बैदौली ग्राम पंचायत भवन पर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी गौरी देवी ने बताया कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, रोस्टर के हिसाब से पंचायतों में स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान कलावती देवी ने कहा कि गंदगी संक्रामक बीमारी का कारण बन सकती है, इसलिए लोगों को अपने घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है ।इस दौरान ग्राम प्रधान अवधेश सिंह रोजगार सेवक जनार्दन सिंह पंचायत सहायक मधु सिंह पंचायत सहायक नीलम यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जालौन में सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक

**बोले- विकास कार्यों में अनियमितता मिलने पर , संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




जालौन, जालौन विकास भवन में समाजवादी पार्टी के सांसद नारायणदास अहिरवार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सपा सांसद ने केंद्र वार राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए की जिले में कराए जाने वाले विकास कार्यों में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी, भाजपा के उरई विधायक गौरीशंकर वर्मा, भाजपा के माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी से सपा के बागी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रतिवेदन में उठाए गए बिंदुओं पर सपा सांसद ने निर्धारित समय-सीमा के अन्दर सभी लंबित कामों को पूरा करवाने का निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रायोजित योजना मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, योजना-ग्रामीण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, आदि से संबंधित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। योजनाओं को समय से पूर्ण कराए के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, साथ ही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी उसकी जानकारी दिए जाने को कहा, जिससे काम गुणवत्ता के साथ हो सके। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही समय-समय पर जिला स्तरीय टीम गठित कर योजनाओं की जांच भी कराई जाए। सपा सांसद ने कहा की जांच के दौरान कोई कमी या अनियमितता पाई गई तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला विकास समन्वय की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि सम्बंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

- सीतापुर में बहन के घर जाते समय पीछे से मारी टक्कर, हादसे के बाद वाहन मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में बीती देर रात तेज रफ्तार बोलेरो कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तीनों को मिश्रिख सीएचसी ले गई। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। नाराज ग्रामीणों ने मिश्रिख-सिधौली मार्ग पर काफी देर तक प्रदर्शन किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर स्थानीय ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। घटना मिश्रिख कोतवाली इलाके की है। यहां कोतवाली क्षेत्र के सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर उत्तरधौना गांव के पास बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस को स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी। पुलिस ने तत्काल तीनों युवकों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रित लेकर आई जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतकों की जमा तलाशी में एक युवक के पास आधार कार्ड मिला। जिसमें युवक का नाम केशन पुत्र शिवपाल निवासी मुसहा मैनासी सरैया थाना रामकोट और दो अन्य लोगों के नाम कन्हैया और सुरजीत निवासी नंसोहा के रूप में हुई है।

## डीएम ने सुनी जनसमस्याएं, सम्बंधित अधिकारियों को दिए निस्तारण के आदेश



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। फतेहपुर में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान कुल 80 शिकायतकताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाय ।

# सीतापुर में दो ट्रकों से डीजल चोरी

- पुलिस गश्त के बाद भी चोरों ने घटना को दिया अंजाम, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर, सीतापुर में पुलिस की गश्त के बावजूद सड़क किनारे खड़े दो ट्रकों से चोरों ने डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों डीजल टैंक की ढक्कन को तोड़कर उसमें भारी साइको लीटर डीजल की चोरी कर मौके से रफूचक्कर हो गए। ट्रक चालक जब सुबह उठा तो डीजल टैंक का ढक्कन खुला देखकर उसके होश फाख्ता हो गए। वहीं एक ट्रक पुलिस की देखरेख में धर्म कांटे के पास खड़ा कराया गया था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला संदना थाना इलाके का है। यहां डीजल चोर गैंग सक्रिय है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने ट्रक संख्या यूपी 32 पीएन 8278 को अपने कब्जे में लेकर देखरेख के चलते कस्बे में स्थित धर्म कांटे पर खड़ा करा दिया था। बताया जाता है कि ट्रक देखने के लिए कॉन्स्टेबल तालिब और एक होमगार्ड की भी ड्यूटी गस्त पर लगाई गई थी। बावजूद इसके चोरों के गैंग ने दो ट्रैकों से अलग-अलग जगह पर टैंक खोलकर डीजल चोरी कर लिया। दूसरी वारदात भी थाना संदना इलाके की है। यहां दूसरे राज्य से पाइप लेकर सड़ना आए ट्रक संख्या यूपी 82 टी 22 29 के चालक ने बताया कि मजदूर रात में पाइप पूरा नहीं उतर पाए थे इसलिए वह दुकान के सामने ही ट्रक लगाकर सो गया। सुबह जब ट्रक चालक ने देखा तो उसके डीजल का टैंक खुला था और पूरा डीजल चोरी हो चुका था। ट्रक चालक ने बताया कि गोदाम के सामने लगा सीसीटीवी कैमरा भी जब देखा गया तो वह भी खराब मिला है

# तारडीह प्रखंड में भ्रष्टाचार का चरम पर बोलबाला

## त्रस्त लोगों ने प्रमुख प्रतिनिधी राजकुमार के नेतृत्व में बोला हल्ला !

अमन लेखनी समाचार


कृष्ण मोहन मिश्रा



दरभंगा/तारडीह प्रखंड में उस समय भीषण बवाल उत्पन्न गया, जब प्रमुख-प्रतिनिधी राजकुमार झा ने प्रखंड में भ्रष्टाचार को लेकर हल्ला बोल दिया। प्रमुख प्रतिनिधी राजकुमार झा ने प्रखंड-कार्यालय के पदाधिकारी सहित सभी कर्मियों पर रिश्वत लेकर पुराने लाभार्थियों का नाम हटाकर नये लाभार्थियों को जोड़ने का गंभीर आरोप लगाया था।इस संदर्भ में प्रखंड-कर्मियों ने उनपर मार-पीट करने संबंधी मुकदमा भी प्रकाश में आया है। वहीं जानकारी देते हुए राजकुमार झा द्वारा पूरे सिस्टम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा ऐसे आरोप का साक्ष्य की बात की है प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कर्मियों की लिखित शिकायत को मुकदमे हेतु अग्रसारित किये जाने से राजकुमार झा और उनके समर्थकों का आक्रोश है। राजकुमार झा के समर्थकों द्वारा मुकदमे को वापस लेने की मांग तुल पकड़ रही है।प्रमुख-प्रतिनिधी और प्रखंड-प्रशासन की सीधी टक्कर में आम लोगों का झुकाव राजकुमार झा के तरफ ही है। 23 सितंबर को ताराडीह प्रखंड में प्रशासन से धरना प्रदर्शन की अनुमति न मिलने पर शैलेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में प्रखंड के हटिया सेड-प्रांगण में पंचायत समिति सदस्य व प्रमुख प्रतिनिधी की उपस्थिति में पांच सदस्यों के टीम का गठन हुआ।श्री झा का कहना है कि प्रखंड का सभी प्रकल्प चाहे आवासीय योजना हो या आधार कार्ड अपडेट करना या वृद्धा पेंशन आदि सभी स्तरों पर खुलकर रिश्वतखोरी चल रही है।

राजकुमार झा के नेतृत्व में समाज में लोगों की भिन्न- भिन्न प्रतिक्रियाएं आ रही है। अधिकतर लोगों का कहना है कि यह आंदोलन सही है और इसे जनसमर्थन मिलना चाहिए। वहीं एक ऐसा तबका भी है, जो इसे राजनीतिक ड्रामा कहकर खुद को इस आंदोलन से दरकिनार कर लिया है। इसमें तारडीह के वर्तमान जिला-परिषद सदस्य लाल सिंह का कहना है कि प्रमुख प्रतिनिधी पद होते हुए आखिर उन्होंने अब तक चुप्पी क्यों साधी ? वहीं एक ऐसा भी तबका है जो उल्टे लाल सिंह को भी कटघरे में खड़ा करते हुए प्रश्न उठा रहा है कि जब वे प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार से अवगत हैं, तो जिला-परिषद सदस्य रहते हुए इस संदर्भ में क्यों नहीं अबतक उन्होंने कोई ठोस कदम उठाया। सूत्रों के अनुसार कमीशन नहीं मिलने से उत्पन्न आंतरिक विवाद बता रहे हैं।इस तरह भ्रष्टाचार का यह मुहिम अपने शुरूआती दिनों में ही अनेक धाराओं में बंटती नजर आ रही है।ऐसे में आम जनों में भ्रष्टाचार को लेकर काफी आक्रोश है। यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री आवास-आवंटन में बीस हजार रिश्वत की बात सामने आई है भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा जहां सभी प्रकार के लेन-देन को आनलाइन कर दिया गया है, वहीं भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारीयों ने लाभार्थियों से पहले ही दलाल तंत्र के माध्यम से रिश्वत हासिल कर लेते हैं। रिश्वतखोरी का एक विचित्र इक्को-सिस्टम विकसित हो चुका है, जिसका समाधान मुश्किल है।राजकुमार झा के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ जो मुहिम चलाई जा रही है, इससे आम जनों में खासी उत्साह देखने को मिली है। उसे किसी की निजी लड़ाई न मानकर कुछ लोग उससे खुद को अलग ही नहीं कर लेते हैं, बल्कि आम जनों को भी गुमराह कर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे मुहिम को कुंद करने का प्रयास करते हैं।

अब देखने की बात यह है कि प्रशासन अपने उपर लगे आरोपों से खुद को कैसे पाक-साफ करता है ? वहीं राजकुमार झा के लिए भी बड़ी चुनौती है, क्या वे सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर जो आरोप लगाये हैं, उस संदर्भ में कुछ सबूत पेश कर पाएंगे ? जबकि प्रखंड में प्रमुख जैसे पद पर उनकी ही पत्नी हैं।

नदियामी के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी युवा प्रखर लेखक मनीष कुमार ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि 'बात कहीं हैं !

# नाले में मिला युवक का शवः देर रात घर से निकला था

### घर वालों ने हत्या की आशंका जताई

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है।युवक की पहचान 25 वर्षीय राम तीरथ पुत्र जमुना प्रसाद के रूप में हुई है। वह देर रात बाइक से घर से निकला था। आज सुबह उसका शव लोदी बाबा पुल के पास नाले में मिला।घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड स्थित लोदी बाबा नाले के पास हुई।राम तीरथ रात करीब 10 बजे बन्ना टिकर जाने के लिए निकला था।उसके भाई ने भी उसे पीछे से फॉलो किया, लेकिन राम तीरथ का कोई पता नहीं चला। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।सुबह जब परिजन लोदी बाबा नाले के पास पहुंचे तो उन्होंने वहां राम तीरथ की बाइक चाबी लगी हुई देखी। नाले में शव पड़ा देखकर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राम तीरथ के छोटे भाई धीरज ने बताया कि उसके भाई की



गर्दन पर धारदार हथियार के चोट के निशान थे, जिससे उसे हत्या की आशंका है।उन्होंने आरोप लगाया कि शव को यहां लाकर फेंका गया है। गौरीगंज के एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामला एक्सीडेंट का लग रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

# ढेड़ दशक पहले बनी सड़क हुई गड्ढों में तब्दील

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।सरकार की गडढा मुक्त अभियान के तहत सरकार प्रदेश की सड़कों को गडढा मुक्त करने की बात कह रही है लेकिन यहां मामला पूरी तरह उलटा हैं जहां पर लगभग ढेड़ दशक पहले बनी सड़क धीरे धीरे गड्ढों में तब्दील होकर पूरी तरह से खत्म हो गई है लेकिन सरकार की उस सड़क पर नजर नहीं पड़ रही है ।और न ही कभी इस सड़क की मरम्मत के लिए किसी जनप्रतिनिधि या किसी राजनीतिक दल ने मुद्दा उठाया है। कोतवाली क्षेत्र के कपसा रोड से परछा गांव तक जाने वाला सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से खत्म हो चुका है जबकि इस रोड पर सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर वृहद गौशाला का निर्माण कराया है और अक्सर अधिकारियों की आवाजाही भी होती रहती है,वहीं ग्रामीणों को सिसोलर रोड से घूमकर गांव जाना पड़ता है जिससे लोगों को अधिक समय लगता है।इतना ही नहीं चुनाव में बड़े बड़े वादे करने वाले राजनीतिक दलों ने भी हमेशा इस सम्पर्क मार्ग की अपेक्षा कर कभी इस रोड को मुद्दा नहीं बनाया है।

# सीहो नाला और सुनहरा नाला का पुल बनने का रास्ता साफ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।क्षेत्र के सुनहरा नाला और सीहो नाला पर बारिश के सीजन में जल भराव के कारण आवागमन बाधित होने को लेकर दोनों नालों में ऊंचे रपटों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। क्षेत्र के चकदहा से हिमौली लगभग दस किलोमीटर के मार्ग में पड़ने वाले सुनहरा नाला गहराई में होने के कारण बारिश के दिनों में पानी रपटे के ऊपर से चलने के चलते जहां पारा,लदार, हिमौली आदि गांवों का सम्पर्क तहसील मुख्यालय से पूरी तरह से कट जाता है तो वहीं दुर्घटना होने की भी सम्भावना रहती है ।ऐसे ही सीहो नाले का रपटा नीचे होने के कारण सिल्ट अधिक जम जाने के कारण स्थिति खराब हो जाती है ।इसी को लेकर लोक निर्माण विभाग हमीरपुर के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर नालों पर ऊंचाई से रपटे या पुल बनाने की आवश्यकता जाहिर करते हुए अपनी आख्या दी है जिसके बाद दोनों नालों में ऊंचाई से रपटे या पुल बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

# पालिका कर्मियों ने निकाली पालीथीन की अर्थी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। पालीथीन मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन की अर्थी निकालकर कस्बे में अनोखा प्रदर्शन किया है। मंगलवार को कस्बे में नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन के प्रयोग से लोगों को होने वाले नुकसान से बचाने के उद्देश्य से अनोखी पहल करते हुए अनोखा जागरूकता अभियान चलाया, जिसके तहत नगरपालिका कर्मचारियों ने पालीथीन की अर्थी निकाल कर पूरे कस्बे में घुमाने के साथ ही समशान घाट पहुंचकर अर्थी को जलाया गया।बताते चलें कि पालीथीन बैन होने के कारण लोगों को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद, अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर, सभासद शिव कुमार सोनी, इस्लाम उद्दीन, जबीर चौधरी, कामता राव सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूटी चलाकर औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल

### अपनी पहचान छुपा कर शिक्षा विभाग के कार्यालय का किया औचक निरीक्षण मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

अमेठी मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, आई.ए.एस. जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तथा जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय जनपद अमेठी आम नागरिक बनकर अकेले ही स्वयं स्कूटी चलकर लगभग बजे निरीक्षण करने पहुंचे गए। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय अमेठी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कार्यालय में आए हुवे आगंतुकों से उन्होंने उनके आने का प्रयोजन पूछा तथा बिना किसी को बताएं एक-एक करके संबंधित पटल सहायक के कक्ष में जाकर उनके कार्यों की गतिविधियों को अवलोकित करते हुवे माध्यमिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्यालय कक्ष की साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक मौके पर उपस्थित पाए गए जो अपने कक्ष में ही बैठे थे अंत में उनके कक्ष में जाकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त पटल सहायक को वितरित कार्य की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि कार्यालय में आने वाले आम जनमानस की समस्या का त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण किया जाए तथा कार्यालय में आने वाले जनमानस का एक आगंतुक रजिस्टर भी बनाया जाए जिसमें उनकी पहचान के विवरण के साथ-साथ आने का उद्देश्य भी अंकित किया गया हो तत्पश्चात समस्त कर्मियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी पटल सहायक अपना विभागीय परिचय पत्र अथवा आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से धारण करें एवं अपने पटल की मेज पर अपनी नाम पट्टीका जिसमें पटल सहायक का नाम, दूरभाष तथा पटल का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया गया हो भी संरक्षित की जाए जिससे आम जनमानस को आपकी पहचान की जानकारी पढ़कर ही मिल सके।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।मंगलवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने प्रातः 9:30 बजे जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी,ब्लड बैंक, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी ,नेत्र ओपीडी ,ईएनटी ओपीडी, पैथोलॉजी ,इंजेक्शन कक्ष,बेबी वार्ड ,एनआरसी, डायलिसिस कक्ष,एक्सरे व अल्ट्रासाउंड कक्ष,दंत रोग ओपीडी ,ब्लड बैंक ,एसएनसीयू वार्ड अंतः रोगी वार्ड ,ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षो / वार्डों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल लिया तथा अस्पतालों द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा डॉक्टरों द्वारा समय से देखने/ इलाज, दवाएं , जांच करने, अस्पताल में दिए जा रहे नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया ।जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्सों से भी जरूरी पूछताछ की।कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं।मरीज को अनावश्यक इंतजार ना करना पड़े इसके लिए रोस्टर से सभी की ड्यूटी लगाई जाए।उन्होंने कहा कि डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें।जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था और बेहतर की जाए तथा अस्पताल परिसर में यहां वहां पानी आदि नहीं फैलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल के आईसीयू वार्ड को शीघ्र चालू किया जाए । बंद पड़ी लिफ्ट को दुरुस्त कर उसे संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीज को दिए जा रहे बेसिक ट्रीटमेंट की गाइडलाइन बना कर उसके अनुसार कार्य किया जाए। आउटसोर्सिंग कर्मियों की उपस्थिति को और व्यवस्थित किया जाय। एनआरसी /पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी में एडमिट कराया जाए तथा एनिमिक/ खून की कमी से जूझ रहे बच्चों को चिन्हित कर उनका ट्रीटमेंट किया जाए। कहा कि रिक्त पदों पर मैनपॉवर भरने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों , इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए।उन्होंने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की व्यवस्था देखी तथा निर्देश दिए कि चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवा न लिखी जाए । इस दौरान सीएमओ डॉ गीतम सिंह, सीएमएस पुरुष व महिला अस्पताल, अस्पताल के अन्य डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# लाइनमैन की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

### सुबह से रात तक ठप रही आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। लाइनमैन की मनमानी से परेशान विदोखर के ग्रामीणों ने सोमवार की रात पावर हाउस पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए मनमानी ढंग से कटौती करने का आरोप लगाया।मौजूदा समय में विदोखर पावर सब स्टेशन से जुड़े विदोखर पुरई में पुराने तारों को उतारकर केबिल डाली जा रही है ताकि विद्युत चोरी में अंकुश लगाया जा सके।गांव के निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य सुनील सितारे आदि का आरोप है कि केबिल डालने के नाम पर पावर हाउस के लाइनमैन पथिक के इशारे पर मनमानी ढंग से कटौती करके उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।इसी से क्षुब्ध होकर सोमवार की रात पावर हाउस में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की थी। पूर्व बीडीसी ने बताया कि सोमवार को सुबह केबिल डालने के नाम पर 10 बजे आपूर्ति ठप कर दी गई और रात में करीब 12 बजे बहाल की गई।इस अघोषित कटौती से बच्चे बूढ़े महिलाएं आदि परेशान रहे।गांव के ग्राम पंचायत सदस्य संदीप यादव का आरोप है कि लाइनमैन गांव का होने के नाते मनमानी पर उतारू रहता है।पावर हाउस के अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात लाइन बनाने का कार्य कराया जा रहा था।इस वजह से आपूर्ति बंद थी।लाइनमैन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# बेसहारा गौवंश को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से गौशाला में फेंक दी सल्फास की गोलियां

### ग्राम प्रधान ने दो युवकों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गौशाला में सोमवार की शाम साजिश के तहत भूसे में जहरीली गोलियां मिलाने के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं युवकों की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान के खिलाफ मारपीट का मुकदमा कायम किया है।उधर मंगलवार को प्रधान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विकासखंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत नदेहरा की गौशाला में सोमवार की शाम हमीरपुर के विवेक नगर निवासी मुकेश सिंह अपने रिश्तेदार गांव निवासी पवन सिंह के साथ गौशाला पहुंचा और गौशाला की दीवार फांदकर अंदर दाखिल होकर भूसा घर में जहरीले पदार्थ की गोलियां मिला दीं। चरवाहों के साथ पहुंचे ग्राम प्रधान के बड़े भाई कल्लू प्रसाद ने जब अंदर दाखिल होने का कारण पूंछा तो दोनों युवक गाली गलौज करने लगे। इसकी सूचना चरवाहे श्याम सिंह एवं चेतराम ने प्रधान उदयभान यादव को दी।सूचना पाकर प्रधान मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों से गौशाला में घुसने का कारण पूछा। इस पर दोनों युवक प्रधान से उलझ गए।प्रधान ने घटना से खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान एवं थानाध्यक्ष ललपुरा मयंक सिंह चंदेल को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही थाने से पुलिस बल तथा पशुपालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी डा. आरबी सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में पशुधन प्रसार अधिकारी ने भूसा घर में भूसे के नमूने लेकर भूसाघर को सीज किया और पुलिस ने मौके पर मिली सल्फास की खाली डिब्बी आदि बरामद की। ग्राम प्रधान ने युवकों के खिलाफ साजिश के तहत गौशाला में गायों के भूसे में सल्फास मिलाकर मारने की साजिश का मुकदमा दर्ज कराया है जबकि मुकेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान सहित उसके साथियों पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मयंक सिंह ने गौशाला पहुंचकर जांच पड़ताल करके चरवाहों के बयान दर्ज किए हैं।उधर मंगलवार को प्रधान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के मंडल उपाध्यक्ष आनंद अशोक सचान, ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह यादव, जीवन श्रीवास, रामपाल अनुरागी, रामखिलावन श्रीवास, गुरु प्रताप सिंह परिहार, भारत सिंह यादव, सुंदरलाल प्रजापति, जय नारायण विश्वकर्मा, लालाराम यादव, सुनील सचान आदि दर्जनों प्रधान शामिल रहे। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।वहीं मुकेश सिंह का कहना है कि ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की शिकायत उन्होंने उच्चाधिकारियों से की है।इस वजह से प्रधान बौखला गया है। उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।उन्होंने गौशाला में सल्फास नहीं डाला है।

# खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में सीडीओ ने खाद्य विभाग व ड्रग विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों/प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिक से अधिक दुकानों/प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटों, मेडिकल स्टोर, आबकारी की दुकानों, मिड डे मील,



सरकारी राशन की दुकानों, पोषाहार, दूध कलेक्शन सेंटर पर छापेमारी कर नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अभिहित अधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. संदीप ने बढ़ाया बुंदेलखंड का गौरव, दुबई के राज परिवार ने किया सम्मानित

### उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए डॉ० संदीप सपत्नीक दुबई में हुए सम्मानित, व्यापारिक मुद्दों पर भी हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झांसी। ऊंची-ऊंची गगनचुंबी इमारतों और सफेद रेत वाले समुद्र तटों के लिए मशहूर दुबई में अंतर्राष्ट्रीय स्तर विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजन को सम्मानित किया गया।शनिवार रात को दुबई के होटल जे.डब्लू. मैरियट मार्किज में आयोजित एक रंगारंग समारोह में विशिष्ट अतिथि दुबई के राज परिवार से हिज एक्सीलेंसी याकूब अल अली, कार्यकारी निदेशक और निजी सलाहकार- ऑफिस ऑफ हिज हाइनेस शेख जुमा बिन मकतूम अल मकतूम ने भारत के विभिन्न क्षेत्र के विशिष्टजन को सम्मानित किया। इस अवसर पर जागरण प्रकाशन लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट देवेश गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।समारोह में झाँसी के समाजसेवी संदीप सरावगी को सपत्नीक नईदुनिया अचीवर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। समारोह के पूर्व डॉक्टर संदीप एवं याकूब अल अली के मध्य व्यापारिक और राजनैतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई जिससे झांसी जनपद में रोजगार को बढ़ावा मिल सके। तत्पश्चात समारोह में सम्बोधित करते हुए डॉ० संदीप सरावगी ने कहा दुबई में दुनिया भर से घूमने आने वाले सैलानियों को विशेष सुविधाएं एवं सुरक्षा प्रदान की जाती है सैलानी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं यही कारण है कि दुबई में भारी संख्या में लोग घूमने आते हैं। कुछ ऐसा ही सुरक्षा का माहौल अब भारत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशवासियों और सैलानियों को मिल रहा है जिससे आज हमारा देश पूरे विश्व में अपनी अलग साख बना रहा है। समारोह में विशिष्ट अतिथि हिस एक्सीलेंसी याकूब अल अली पूरे समय समारोह में मौजूद रहे और सभी विजेताओं के साथ व्यक्तिगत फोटो भी लिए जिसे सभी ने सराहा। भारतीय मूल की मिस यूनिवर्स दुबई, पूजा सुधा द्वारा किए गए मंच संचालन ने खूब तालियाँ बटोरीं। आयोजन के अंत में मेहमानों ने पारंपरिक बैली डांस का भी आनंद उठाया। समारोह में नईदुनिया एवं नवदुनिया के सीईओ संजय शुक्ला व हेड-ऑपरेशंस नरेश पांडे एवं डॉ० संदीप की धर्मपत्नी एवं समाजसेविका सपना सरावगी भी उपस्थित रहीं।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलटी, दो जख्मी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे से मौदहा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार हाईवे में अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। इस घटना में कार सवार दो युवक मामूली रूप से घायल हुए हैं। मौदहा निवासी फरहान अपने एक साथी के साथ किसी कार्य से कस्बे में आया था। करीब 3 बजे यह दोनों कार से वापस मौदहा जा रहे थे। तभी फैक्ट्री एरिया में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे जाकर पलट गई। इस घटना में फरहान और उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गए। दोनों को फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी के सिपाहियों ने कार से निकालकर उपचार कराया है।

# ग्रामीणों की शिकायत पर हटवाया गया रास्ते का अवैध अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर मंगलवार को गांव पहुंचे नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ रास्ते की पैमाइश करवाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। विकासखण्ड मौदहा के ग्राम पंचायत छानी गऊघाट में सड़क निर्माण एवं अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। जिसपर मंगलवार को नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचकर रास्ते की पैमाइश करवाते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।वहीं नायाब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया की ग्रामीणो की शिकायत पर मंगलवार को राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे जहां रास्ते में अवैध कब्जा था जिससे सड़क बनने में दिक्कत आ रही थी, जिसको मंगलवार को जेसीबी के द्वारा ढ़हा दिया गया है और रास्ते की पैमाइश कराकर ग्राम प्रधान को जल्द रास्ते का निर्माण कराने के लिए निर्देश दिए हैं। इस दौरान कानून गो, लेखपाल, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।



अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

हर वर्किंग वूमेन अपनी प्रोग्रेस चाहती है। इसके लिए सबसे पहले अपनी पर्सनालिटी को इंप्रेसिव बनाना होगा। साथ ही अपना कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ाइए। जो भी बात मीटिंग्स या अपने सीनियर्स के सामने रखें, एक क्लीयरिटी और विजन के साथ रखें। ऐसी ही कुछ और जरूरी बातें, जो आपके करियर को ग्रोथ देंगी, आपको एक सक्सेसफुल वर्किंग वूमेन बनाएंगी।



# आप भी बन जाएंगी सक्सेसफुल वर्किंग वूमेन





भारत के प्रोफेशनल वर्क एरिया में धीरे-धीरे महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। वे हर फील्ड में अपनी जगह बना रही हैं, खुद को प्रूफ भी कर रही हैं। देश के डेवलपमेंट में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन जब बात करियर में आगे बढ़ने की आती है तो कहीं ना कहीं महिलाएं पिछड़ी दिखाई देती हैं। वे हायर पोजिशन तक बहुत कम संख्या में पहुंच पाती हैं। इसके पीछे वैसे तो कई कारण हैं, जिन पर सरकार और वर्क सेक्टर को मिलकर काम करने की जरूरत है। लेकिन महिलाओं को चाहिए कि वे स्वयं अपने स्तर पर भी ऐसे प्रयास करें, जो उन्हें एक सक्सेसफुल वर्किंग वूमेन बनने में मदद करें। इसके लिए वे सबसे पहले अपनी पर्सनालिटी पर काम करें, अपने आपको कॉन्फिडेंट, इंप्रेसिव बनाएं।



कवर स्टोरी


डॉ. रीता गंगवानी

पर्सनालिटी ट्रांसफॉर्मेशन एंड पेजेंट कोच


## अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा करें

अपनी प्रोग्रेस के लिए यह बहुत जरूरी है कि वर्किंग वूमेन, अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। ऑफिस में काम से जुड़ा जो भी डिसीजन लें, उस पर संदेह ना करें। अपने लिए गए फैसलों पर अडिग रहें, उन्हें सही साबित करके दिखाएं। साथ ही खुद को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाएं। इसके लिए लगातार काम से जुड़ी नई चुनौतियों को स्वीकार करें। जब आप इस तरह कॉन्फिडेंट होकर काम करेंगी तो आपके सीनियर्स, बॉस आपके काम करने की क्षमताओं पर यकीन करेंगे। कंपनी में आपके प्रमोशन के रास्ते बनेंगे।

## कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बनाएं

करियर में आगे बढ़ने के लिए कम्युनिकेशन स्किल बहुत ही इंपॉर्टेंट रोल निभाती है। वर्किंग वूमेन को इस स्किल की इंपॉर्टेंस समझनी चाहिए। क्योंकि वे अपनी बात को अगर ऑफिस मीटिंग्स में ठीक से नहीं रख पाएंगी तो उन्हें कोई भी बड़ी जिम्मेदारी या रोल नहीं मिल पाएगा। इसलिए जरूरी है, वर्किंग वूमेन अपनी कम्युनिकेशन स्किल को इंपेक्टफुल बनाएं। वे जो भी बात वर्कप्लेस पर करें, एक विजन के साथ करें, बात एकदम क्लीयर हो। मेल पर या मीटिंग में फेस टू फेस भी अपनी बातें बिल्कुल स्पष्ट तरीके से कहें। ऐसा होने पर ही बेहतर तरीके से ऑफिस वर्क हो सकेगा, कुलीग्स के साथ भी रिलेशन अच्छे बने रहेंगे। आगे चलकर यही बातें, आपके करियर ग्रोथ में सहायक होंगी।

## सिचुएशन के हिसाब से खुद को बदलें

वर्कप्लेस पर समय-समय पर अलग-अलग तरह के चैलेंजेस आते हैं। बतौर वर्किंग वूमेन आपको भी नई सिचुएशन के हिसाब से खुद को ढालना आना चाहिए। आपके काम में, विचारों में लचीलापन होना चाहिए। जैसे कई बार अधिक काम के कारण ऐसी सिचुएशन बन सकती है, जब आपको वीकएंड पर भी ऑफिस में काम करने के लिए कहा जा सकता है। ऐसे में आपको परेशान नहीं होना चाहिए। इसके बजाय यह दिखाना चाहिए कि आपको एक्स्ट्रा काम करने में कोई प्रॉब्लम नहीं है। यह वर्क फ्लेक्सिबिलिटी, आपको ऑफिस में दूसरे लोगों से अलग लाकर खड़ा कर देगी। कंपनी को लगेगा कि आप बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए एक सही कैंडिडेट हैं।

## सेल्फ केयर पर भी दें ध्यान



आप तब तक एक सफल वर्किंग वूमेन नहीं बन सकती हैं, जब तक खुद का ख्याल नहीं रखेंगी। क्योंकि आप ऑफिस के काम में तभी अपना हंड्रेड पर्सेंट दे पाएंगी, जब आप मेंटली-फिजिकली फिट रहेंगी। इसके लिए सही डाइट लें, रेग्युलर योगा-एक्सरसाइज करें।

कहने का सार यही है कि अगर आप इन सभी बातों को इंपॉर्टेंस देंगी, अपनी पर्सनालिटी का, बिहेवियर का हिस्सा बनाएंगी, तो बड़ी आसानी से एक सक्सेसफुल वर्किंग वूमेन बन जाएंगी।

**प्रस्तुति : पूनम कंडारी**

## इन बातों को भी अमल में लाएं

**कुछ और** अहम बातें भी हैं, जो वर्किंग वूमेन की इंप्रेसिव पर्सनालिटी के लिए जरूरी हैं। आप भी इन्हें समझिए और अमल में लाइए-

**टाइम मैनेजमेंट है जरूरी:** आप कभी भी टाइम मैनेजमेंट को इग्नोर ना करें। आपको तय करना होगा कि कौन-सा काम, किस समय ऑफिस में पहले करना है, कौन-सा काम बाद में। सुबह ऑफिस आते ही अपने जरूरी कामों की लिस्ट बना लें। इसी लिस्ट को फॉलो करें। तभी आप समय पर अपना काम पूरा कर पाएंगी।



**लगातार सीखते रहना होगा:** करियर में सफल होने के लिए आपको हमेशा नई स्किल्स भी सीखनी होगी। क्योंकि जो लोग नई स्किल्स सीखते हैं, वे अपने करियर में आसानी से हायर पोजिशन तक पहुंचते हैं। इसलिए आपको अपने काम से जुड़ी नई-नई स्किल्स सीखनी चाहिए।

**अपना नेटवर्क बनाएं:** करियर में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ लगन से काम करना ही जरूरी नहीं होता है। इसके अलावा आपको नेटवर्किंग पर भी फोकस करना चाहिए। ऑफिस में अपने कुलीग्स से अच्छे रिलेशन बनाकर रखें। इसके लिए समय-समय पर अपने जूनियर्स या कुलीग्स की मदद करें। इससे आपकी इमेज एक सपोर्टिव कुलीग की बन जाएगी। फिर जब कभी भी ऑफिस में आपके बारे में फीडबैक मांगा जाएगा, तो आपके कुलीग्स ही आपके बारे में पॉजिटिव और सही जानकारी देंगे। साथ ही आगे चल कर यही लोग नई जगह जॉब पाने में भी आपकी मदद करेंगे।



# न्यूट्रिशस डाइट से हार्ट रहेगा हेल्दी

पुरुष ही नहीं महिलाएं भी हार्ट डिजीज की शिकार हो सकती हैं। लेकिन अगर खान-पान का पूरा ध्यान रखा जाए तो हार्ट डिजीज से काफी हद तक बचाव संभव है। हेल्दी हार्ट के लिए कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए यूजफुल सजेशंस।



डाइट सजेशन


डॉ. अदिति शर्मा

डाइटिशियन

मणिपाल हॉस्पिटल, एनसीआर


आज के दौर में गलत लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट की वजह से बहुत सारे पुरुष और महिलाएं हार्ट डिजीज का शिकार हो रहे हैं। इनसे बचाव के लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में सुधार के साथ ही खान-पान से संबंधित कुछ बातों का भी विशेष तौर से ध्यान रखना होगा।

**इन्हें करें शामिल:** हेल्दी हार्ट के लिए आपको अपने आहार में साबुत अनाज, पुराना चावल, गेहूं, जौ और ओट्स को शामिल करना चाहिए। इनमें मौजूद फाइबर्स, दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा मूंग, अरहर, सोयाबीन, मटर और मसूर की दाल को अपने भोजन में प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद प्रोटीन सेहत के लिए फायदेमंद होता है। वहीं दैनिक आहार में पालक, गोभी, ब्रोकली, गाजर, टमाटर, लौकी, करेला, परवल और सीताफल जैसी सब्जियों को भी अपनी डाइट का जरूरी हिस्सा बनाएं, इनमें मौजूद विटामिंस और मिनरल्स हार्ट हेल्थ के लिए जरूरी हैं।



**फ्रूट्स और ड्राई फ्रूट्स:** अगर आप अंगूर, अनार, सेब, चेरी, स्ट्रॉबेरी, संतरा, केला, अमरूद और नाशपाती जैसे फलों को अपनी डाइट में शामिल करें तो इससे हार्ट हेल्थ पर पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। इनमें विटमिन-सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इससे इम्यूनिटी बढ़ती है और बॉडी स्ट्रॉन्ग होती है। इसके अलावा आप अखरोट और बादाम को भी अपने नियमित आहार में शामिल करें, इनमें मौजूद गुड कोलेस्ट्रॉल, प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है।

**डेयरी प्रोडक्ट्स:** हार्ट हेल्थ के लिए आप रेग्युलर बेस पर दूध-दही का सेवन कर सकती हैं। लेकिन फैटी मिल्क और पनीर के बजाय स्किम्ड मिल्क, फैट फ्री पनीर और दही का सेवन करें। चूंकि फैट, दिल की रक्तवाहिकाओं में जमा होकर हार्ट अटैक की आशंका को बढ़ा देता है, इसलिए स्किम्ड मिल्क और फैट फ्री पनीर का ही सेवन करें।

**अगर खाती हैं नॉनवेज:** अगर आप नॉनवेजीटेरियन हैं तो हार्ट हेल्थ के लिए आप मछली, चिकेन और अंडे का सफेद हिस्सा अपनी डाइट में शामिल रख सकती हैं। अंडे और चिकेन में मौजूद प्रोटीन और मछली में पाया जाने वाला ओमेगा 3 फैटी एसिड दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है।

**इनको करें अवॉयड:** हेल्दी हार्ट के लिए कुछ फूड्स को अवॉयड करें।

- जंक फूड को डिब्बाबंद करते समय प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल किया जाता है, जो हार्ट हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल होता है। इसलिए जंक फूड से दूर रहें।
- मिठाई, चॉकलेट और केक-पेस्ट्री जैसी चीजों से दूर रहें। इनमें मौजूद चीनी और मैदा मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होता है। बढ़ता वजन हृदय रोग का कारण बन सकता है।
- खाने में नमक का उपयोग सीमित मात्रा में करें। बाजार में बिकने वाले चिप्स से भी दूर रहें।

**प्रस्तुति: विनीता**

स्किन केयर


ललिता गोयल


# चुकंदर के फेस पैक से पाएं ब्राइट-स्पॉटलेस स्किन





हमारे घर का किचेन सिर्फ खान-पान तक ही सीमित नहीं होता है। विभिन्न प्रकार के मसाले, फल और सब्जियों में भरपूर स्वाद के साथ इसमें सौंदर्य का खजाना भी मौजूद होता है। ऐसे ही स्वाद और स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर सब्जी है चुकंदर। इसमें कई लाभकारी गुण मौजूद होते हैं। यही वजह है कि अगर आप इसे फेस पैक के तौर पर इस्तेमाल करती हैं तो स्किन पिग्मेंटेशन की समस्या दूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं। चुकंदर के फेस पैक को आप बहुत आसानी से घर में बना सकती हैं।

**हाइड्रेटिंग फेस पैक:** अगर स्किन पर बहुत डलनेस हो रही है तो यह हाइड्रेटिंग फेस पैक आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप चुकंदर का छिलका उतार कर, इसे कद्दूकस कर लें, फिर निचोड़कर इसका जूस निकाल लें। इसके बाद इसमें एलोवेरा जैल और गुलाब की पंखुड़ियां मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इस फेस पैक से आपकी स्किन को हाइड्रेशन मिलेगा। वो ब्राइट और हेल्दी नजर आएगी।

**ब्राइटनिंग फेस पैक:** अगर आपको किसी पार्टी में जाना है और स्किन पर इंस्टेंट ब्राइटनेस चाहती हैं तो चुकंदर का यह फेस पैक बहुत इफेक्टिव होगा। इस फेस पैक को बनाने के लिए संतरे के छिलके के पावडर की भी जरूरत होगी, जिसे आप घर पर बना सकती हैं या बाजार से भी खरीद कर ला सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले छिलके समेत चुंकदर को कद्दूकस कर लें और इसमें संतरे के छिलके का पावडर मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब अपने चेहरे को पानी से अच्छी तरह धोने के बाद पैक को अप्लाई करें। जब यह पूरी तरह सूख जाए तो हल्के हाथों से रगड़कर हटा दें।

**एक्सफोलिएटिंग फेस पैक:** पॉल्यूशन की वजह से अगर आपके फेस की स्किन बहुत डल हो गई है तो चुकंदर के फेस पैक का इस्तेमाल करें। इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में दो-तीन चम्मच दही ले लें। अब एक चुकंदर को कद्दुकस कर दही में अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को 10-15 मिनट चेहरे पर लगे रहने दें। फिर गुनगुने पानी से साफ कर लें।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गोयल से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप


विनीता


कई बार बच्चे हर गलती के लिए खुद को दोषी मानने लगते हैं, मनोविज्ञान की भाषा में इसे टॉक्सिक शेम कहा जाता है। ऐसी मनोवृत्ति बच्चे के व्यक्तित्व के विकास के लिए सही नहीं है। अपने बच्चों को इससे कैसे बचाएं, बहुत ही जरूरी सलाह।

# बच्चों को टॉक्सिक शेम से बचाएं



अगर आपका बच्चा अपनी गलती मानकर उसके लिए आपसे माफी मांगता है तो यह अच्छी बात है, लेकिन छोटी-छोटी बातों के लिए खुद को दोषी मानकर हमेशा अपने मन में ग्लानि की भावना रखने की आदत बच्चे को भावनात्मक रूप से कमजोर बना देती है। इससे उनके मन में हीनभावना घर कर सकती है, जहां उनकी कोई गलती नहीं होती। ऐसी स्थिति में भी वह खुद को दोषी मानने लगता है। हमें बच्चों को इस मनःस्थिति से बचाना चाहिए।

**क्या है वजह:** सबसे पहले हमें यह समझना चाहिए कि बच्चों में आखिर ऐसी मनःस्थिति क्यों पैदा होती है? दरअसल, जिन बच्चों के साथ पैरेंट्स बहुत सख्त व्यवहार करते हैं, हर बात पर रोक-टोक करते हैं, दूसरों के सामने डांटते हैं, ऐसे बच्चों को टॉक्सिक शेम की प्रॉब्लम हो जाती है। यह भी सही नहीं है, बच्चे की हर गलती को उसके व्यक्तित्व के साथ जोड़कर देखा जाए। उदाहरण के लिए अगर शीशे का गिलास बच्चे के हाथ से गिरकर टूट जाए तो उसे टोकने के बजाय यह कहना, 'तुम तो हो ही लापरवाह, हमेशा ऐसे ही चीजें तोड़ते रहते हो।' यह सुनकर उसके कोमल मन में यह बात बैठ जाएगी, 'मैं बहुत लापरवाह हूं, कोई भी काम ढंग से नहीं कर सकता हूं।' इस तरह वह हर गलती के लिए खुद को दोषी समझने लगेगा। कई बार पैरेंट्स अनजाने में बच्चों के साथ बहुत ज्यादा रोक-टोक करते हैं, डांट देते है, जिससे टॉक्सिक शेम की समस्या होती है।



**क्या है नुकसान:** टॉक्सिक शेम की वजह से बच्चों का मनोबल टूट जाता है। दोस्तों और भाई-बहनों से अपनी तुलना करके वे खुद को कमतर समझने लगते हैं। उनके मन में हीनभावना जन्म लेने लगती है, जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ने लगता है। ऐसे बच्चे नए दोस्त बनाने से झिझकते हैं। इनका सामाजीकरण सही ढंग से नहीं हो पाता, इसलिए वे अकेले गुमसुम और उदास रहते हैं। अपनी उदासी दूर करने के लिए ऐसे बच्चे सोशल मीडिया के साथ ज्यादा वक्त बिताने लगते हैं। पढ़ाई और एक्टिविटीज में पिछड़ने लगते हैं।

**कैसे करें बचाव:** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है, इसलिए सभी बच्चों की परवरिश के लिए एक समान नियमों का पालन सही नहीं है। अपने बच्चे की क्षमता को पहचानें और उसी के अनुरूप उससे उम्मीदें रखें। बच्चे से बहुत ज्यादा अपेक्षा रखने से अगर वह उन्हें पूरा नहीं कर पाता है तो उसे घबराहट होने लगती है, जिससे वह टॉक्सिक शेम का शिकार हो जाता है। समय के साथ अब पैरेंटिंग का तरीका बदलना जरूरी है, इसलिए बच्चे के साथ बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सोच-समझ कर करें। बच्चे के हर अच्छे प्रयास की प्रशंसा जरूर करें। सहज बातचीत के जरिए उसके साथ आपसी विश्वास का रिश्ता कायम करें, उसे भरोसा दिलाएं कि आप उसकी भलाई के लिए ही उसे टोकती और समझाती हैं। इससे वह खुलकर आपके साथ अपनी बातें शेयर करेगा, समाधान के लिए आपके पास अपनी समस्याएं लेकर आएगा। अगर कभी बच्चे की कोई बात पसंद नहीं आती है तो बाद में उसे प्यार से समझाएं। उसके व्यवहार पर नजर रखें, अगर वह अकसर डरा-सहमा या उदास रहता है तो उसके साथ बातें करके उसकी परेशानी दूर करने की कोशिश करें। परीक्षा में कम अंक लाने पर दोस्तों से तुलना करके उसे कभी ना डांटें बल्कि प्यार से समझाएं कि अगर तुम कोशिश करते रहोगे तो अगली बार तुम्हारे रिजल्ट में जरूर सुधार होगा।

**बनाए रखें धैर्य:** बच्चों को टॉक्सिक शेम की प्रॉब्लम से बचाने के लिए धैर्य बहुत जरूरी है, इसलिए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद बच्चे में कोई सकारात्मक बदलाव नजर ना आए तो किसी काउंसलर से सलाह लें।

**(चाइल्ड काउंसलर पूनम कामदार से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन


मुक्ता भावसार


आजकल महिलाएं मजे से सोलो ट्रैवलिंग के लिए निकल रही हैं। उन्हें किसी के साथ की जरूरत नहीं महसूस होती। लेकिन उनकी इस सोलो ट्रैवलिंग में कोई दिक्कत ना आए, यह यात्रा आनंदमय रहे, इसके लिए महिलाएं किन जरूरी बातों का ध्यान रखें, जानिए।

# जब निकलें सोलो ट्रैवलिंग पर इन बातों का रखें ध्यान



यात्राएं हमें आनंदित ही नहीं करतीं, नई ऊर्जा से भरती भी हैं। किसी नई जगह जाना, वहां की संस्कृति को जानना, बहुत रोमांचक अनुभव है। सोलो ट्रैवलिंग तो एक तरह से महिलाओं के लिए खुद से मुलाकात है। लेकिन इस मुलाकात में कोई बाधा ना आए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जानिए, कुछ जरूरी बातें, जिससे आपकी सोलो ट्रिप सुगम, सुखद और सुरक्षित रहेगी।

**प्री-प्लानिंग है जरूरी:** आप जब भी सोलो ट्रिप का मन बनाएं, तो सबसे पहले यह जरूरी है कि अपने पूरे ट्रिप का विस्तृत प्लान बना लें। आप जिस जगह ट्रैवल पर जा रही हैं, वहां होटल या होमस्टे की प्री-बुकिंग कर लें। आखिरी समय पर बुकिंग करने से आपको ना केवल ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, आपको अपनी मनपसंद की अच्छी जगह भी नहीं मिलेगी। बुकिंग हमेशा किसी विश्वसनीय साइट से ही करें। होटल बुक करने से पहले रिव्यू जरूर पढ़ें। सिर्फ बुकिंग वेबसाइट के रिव्यूज पर भरोसा ना करें, गूगल रिव्यूज भी जरूर चेक करें। इससे आपको विस्तृत जानकारी मिलेगी। साथ ही आप अपने पर्यटन स्थल की जिन जगहों को देखना चाह रही हैं, वहां से होटल की दूरी जरूर चेक कर लें ताकि आपको घूमने में कोई परेशानी ना हो। इसके अलावा अपनी यात्रा के दौरान आप कौन-कौन सी एक्टिविटीज करना चाहती हैं, उसे भी पहले से प्लानिंग में शामिल कर लें। ऐसा करने से आप अपनी सोलो ट्रिप को पूरी तरह से खुलकर एंज्वॉय कर पाएंगी।



**लोकल लोगों से जुड़ें:** सोलो ट्रिप के दौरान स्थानीय लोगों से मिलना और उनसे उस जगह की जानकारी लेना बहुत फायदेमंद रहता है। स्थानीय लोग आपको ऐसी जानकारी दे सकते हैं, जो आपको किसी गाइडबुक में नहीं मिलेगी। लोकल लोगों की मदद से ही आप वहां के खास फूड्स या चीजों की शॉपिंग का मजा ले सकती हैं।

**प्लान में फ्लेक्सिबिलिटी रखें:** हालांकि प्री-प्लानिंग हमेशा ही मददगार होती है, लेकिन यह भी जरूरी है कि आप अपने प्लान में थोड़ी फ्लेक्सिबिलिटी रखें। अगर किसी वजह से आपके प्लान में थोड़ा-बहुत चेंज हो आए तो उसे स्वीकार करें और वैकल्पिक योजनाएं तैयार रखें।

**सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हों:** जब आप किसी नई जगह पर जाएं तो आप वहां हो रहे सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जरूर सम्मिलित हों। इससे ना केवल आप वहां की संस्कृति को करीब से जान पाएंगी, नए लोगों से मुलाकात का भी अवसर मिलेगा। कई टूरिस्ट लोकेशंस पर एक खास समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेले या म्यूजिक फेस्टिवल होते रहते हैं, इनमें भाग लेना आपकी यात्रा को और दिलचस्प बना देगा।

**खुद का रखें ध्यान:** सोलो ट्रिप पर सबसे जरूरी है कि आप खुद का पूरा ध्यान रखें। स्वच्छ भोजन खाएं, पर्याप्त नींद लें और अपने शरीर को आराम दें। सोलो ट्रैवलिंग के दौरान सेफ्टी भी महत्वपूर्ण है। अगर आप थोड़ी सावधानी बरतेंगी तो आप चिंतामुक्त होकर अपनी यात्रा का आनंद ले सकेंगी।

**(पिंक सूटकेस की फाउंडर अर्पिता जोशी से बातचीत पर आधारित)**